सुविचार

चुनौतियां ही जिंदगी को रोमांचक बनाती है और इसी से आपके जिन्दगी का महत्त्व निर्माण होता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 231 पेज: 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, सोमवार 13 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

राहुल के लंदन में दिए भाषण पर मोदी का निशाना

## पीएम बोले- कुछ लोग विदेशों में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण

गरीबों का सितारा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से दो महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को एक बार फिर राज्य के दौरे पर मांड्या और हुबली-धारवाड़ पहुंचे। पिछले दो महीने से भी कम समय में मोदी राज्य में छठी बार आए हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले कांग्रेस-खञ्र के गढ़ मंड्या में रोड शो किया और फिर एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे हुबली-धारवाड़ पहुंचे और IIT धारवाड़ का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने इशारों-इशारों में राहुल गांधी पर निशाना साधा। ढट ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए। भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। इसी महीने की शुरूआत में राहुल गांधी 3 दिन के लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है। भारत में लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है।



### मांड्या में बोले- कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में व्यस्त, मैं एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त

मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- 'कांग्रेस और उनके साथी मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रहे है, लेकिन मोदी एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त है। मोदी गरीबों का जीवन आसान बनाने में व्यस्त है। कांग्रेस को पता ही नहीं है कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।' हुबली धारवाड़ में भी ढट ने कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

#### इन योजनाओं की भी सौगात मिली

- होसपेट-हुबली-टीनाघाट रेलवे लाइन के विद्युतीकरण की शुरूआत की।
- 530 करोड़ के हुबली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की शुरूआत की।
- धारवाड़ बहु ग्राम जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी, जिसे 1040 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा।
- 150 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाली तुप्पारीहल्ला फ्लड डैमेज कंट्रोल प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी।
- आईआईटी धारवाड़ का उद्घाटन किया
- मांड्या में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री आईआईटी धारवाड़ का उद्घाटन करने पहुंचे।

## केंद्र सरकार सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के खिलाफ

### सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में कहा- यह भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं



गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने का विरोध किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक रविवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने इसको लेकर हलफनामा दायर किया। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के लिए दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इससे पहले केंद्र सरकार का हलफनामा बताता है कि सरकार इसके पक्ष में नहीं है। न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि केंद्र ने रविवार को कोर्ट में 56 पेज का हलफनामा दाखिल किया। इसमें कहा गया कि सेम सेक्स मैरिज भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं है। यह पति-पत्नी और उनसे पैदा हुए बच्चों के कॉन्सेप्ट से मेल नहीं खाती। हलफनामे में समाज की वर्तमान स्थिति का भी जिक्र है। केंद्र ने कहा- अभी के समय में समाज में कई तरह की शादियों या संबंधों को अपनाया जा रहा है। हमें इस पर आपत्ति नहीं है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को लेकर दिल्ली समेत अलग-अलग हाईकोर्ट में दाखिल सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया था।

## WFI अध्यक्ष-रेसलर्स विवाद में पहलवान सबूत नहीं दे सके

### अब खिलाड़ी और जांच कमेटी के मेंबर खामोश; सोमवार को रिपोर्ट सब्मिट होगी

गरीबों का सितारा

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ और रेसलर्स के बीच विवाद को 55 दिन बीत चुके हैं। इस विवाद की जांच के लिए बनी ओवरसाइट कमेटी की टाइमलाइन 8 मार्च को पूरी हो चुकी है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कमेटी सोमवार को अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक WFI अध्यक्ष पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाने वाले रेसलर्स कमेटी को इसके सबूत नहीं दे पाए हैं। इस मुद्दे पर जांच कमेटी की अध्यक्ष बॉक्सर मैरीकॉम से भी बात करने की कोशिश की, मगर उन्होंने इनकार कर दिया। मैरीकॉम के असिस्टेंट ने बताया कि अभी इन्वेस्टिगेशन चल रही है, इसलिए वह इस मुद्दे पर किसी से कोई बात नहीं करना चाहतीं। इस मुद्दे पर रेसलर, जांच कमेटी मेंबर और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी खुलकर कुछ नहीं कह रहे।



#### जंतर-मंतर पर रेसलर्स का प्रदर्शन और बड़े आरोप

18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद हऋक्के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा। इसी दिन संघ अध्यक्ष बृजभूषण सामने आए। उन्होंने कहा- किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। उन्होंने धरने को स्पॉन्सर्ड बताते हुए इसके पीछे हरियाणा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को बताया था। उन्होंने कहा था कि अब ये खिलाड़ी नेशनल लेवल पर भी खेलने योग्य नहीं रहे हैं।

## प्रदेश में आज फिर बारिश का अलर्ट: बाड़मेर, जैसलमेर में बादल छाए; 37 डिग्री के पार पहुंचा दिन का तापमान

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में आज मौसम में फिर बदलाव देखने को मिला है। उत्तरी भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर आज राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में देखने को मिल रहा है। बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर एरिया में सुबह हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम केन्द्र जयपुर ने बाड़मेर, जैसलमेर एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इधर मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान में अगले सप्ताह (14 मार्च) से कई हिस्सों में थंडर स्ट्रॉर्म (बादल, बारिश, ओलावृष्टि, बिजली चमकने) गतिविधियां देखने को मिलेगी। राज्य में मौसम की स्थिति देखें तो जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में मौसम शुष्क है। शनिवार को राज्य के कई शहरों में दिन तेज गर्मी रही। बाड़मेर, फलोदी में दिन का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर, जैसलमेर, चूरू, गंगानगर, जालोर, बीकानेर और पिलानी में भी शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। इधर अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर में भी दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी राजस्थान में मौसम बदलने के साथ ही रात का तापमान भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। पिलानी में आज न्यूनतम तापमान कल के मुकाबले 3.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 18.1 पर पहुंच गया। इसी तरह अजमेर, उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर और जालौर में भी रात का न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। वहीं पंजाब, हरियाणा और पूर्वी पाकिस्तान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन और गुजरात में एक एंट्री साइक्लोनिक सिस्टम बना है।




गहलोत बोले- बीजेपी नेताओं ने वीरांगनाओं को इकट्ठा किया

## 2019 में घटना हुई तब नौकरी नहीं मांगी अब चार साल बाद अचानक क्यों?

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को ओर से देवर को नौकरी देने की मांग पर फिर सवाल उठाते हुए इसे गलत बताया है। गहलोत ने बीजेपी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा- वीरांगनाओं को भाजपा नेताओं ने इकट्ठा किया है। चुनावी साल है। राजस्थान जैसा पैकेज कहीं नहीं है। गहलोत रविवार को जयपुर में विद्याश्रम स्कूल के महाराणा ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। गहलोत ने कहा- हमने शहीदों के आश्रितों को जो पैकेज दिए हैं, वह शायद देश के किसी राज्य में नहीं मिलता होगा। इंदिरा गांधी नगर परियोजना के पास सिंचित जमीन, पत्नी या पुत्र को नौकरी, हाउसिंग बोर्ड का शहर में मकान, पेट्रोल पंप, शहीद स्मारक, आर्थिक सहायता, तमाम पैकेज दिए हैं। यही नहीं अगर शहीद की पत्नी गर्भवती है, उसके जो बच्चा पैदा होगा। उसकी नौकरी भी गर्भ में रहते हुए भी आरक्षित कर दी। शहीद का बच्चा पैदा होकर बड़ा होगा। तब तक उसकी नौकरी रिजर्व रहेगी। ऐसा फैसला हिंदुस्तान में कभी हुआ है क्या ?



**चार साल बाद क्यों मांग रहे हैं नौकरी**

गहलोत ने कहा- मेरी जानकारी में आया है कि इन सभी (वीरांगनाओं) को बीजेपी नेताओं ने इकट्ठा किया है, क्योंकि अब चुनाव का वक्त है। ये लोग अब चार साल बाद नौकरी क्यों मांग रहे हैं? इनसे कोई पूछे कि घटना 2019 में हुई उस वक्त मांग क्यों नहीं की? अब चार साल बाद आप मांग करके धरना दे रहे हो। पूरे राज्य और देश के लोगों को गुमराह कर रहे हो। ऐसा करके ये देश में राजस्थान की बदनामी करवा रहे हैं। ऐसी हरकतों के लिए जनता इनको आने वाले समय में जवाब देगी।

**सोशल सिक्योरिटी देना सरकारी की जिम्मेदारी**

ओल्ड पेंशन स्कीम के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर गहलोत ने कहा कि ओपीएस को लेकर कई सीएम, वित्त मंत्री आलोचना कर हैं। मेरा मानना है, जब 65 साल तक देश में ओपीएस लागू थी। तब भी देश आधुनिक बनने की ओर आगे बढ़ रहा था। ये तब है, जब आजादी से पहले देश में एक सुई नहीं बनती थी। हम कहां तक पहुंच गए। कर्मचारियों को सिक्योरिटी देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसे हम शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते है। उन्होंने कहा- मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि देश के हर नागरिक के लिए सोशल सिक्योरिटी एक्ट लेकर आओ। सभी को जीवन यापन जीतना तो पैसा (पेंशन) मिलनी ही चाहिए। आज हम विश्व गुरु बनने की बात कर रहे हैं। पहले हम अपने देश में रह रहे परिवारों को तो सिक्योर कर ले।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
सोमवार, 13 मार्च, 2023


| पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 30°c | 30°c | 33°c | 32°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 18°c | 14°c | 18°c |

# साकार महिला विकास समिति के द्वारा हुआ गुमान राजस्थान टॉक-शो 2023 का शुभारंभ



गरीबों का सितारा

**जयपुर (रामफूल मीणा)।** रविवार को साकार महिला विकास समिति द्वारा गुमान राजस्थान 2023 का शुभारंभ टॉक शो के साथ किया गया यह टॉक शो फोर्टिस हॉस्पिटल में किया गया इस दौरान आयोजक निशा पारीक ने जानकारी दी कि टाक शो का विषय रहा टेलिविजन का हमारे जीवन पर प्रभाव इस विषय पर ब्रिगेडियर संदीप सिन्हा और डॉ.माला अरुण, फैशन डिजाइनर करण विग , ज्योतिषाचार्य पवन शर्मा सलाहकार सदस्य विप्र कल्याण बोर्ड, श्वेता मेहता मोदी मिसेज इंडिया एंड डायरेक्टर स्मार्ट सर्किल ग्रुप, पुष्पा माई महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा एवं आइकन चुनाव आयोग, मनोहर सिंह शेखावत शिक्षाविद्, चार्टर्ड अकाउंटेंट दिव्या सक्सेना एवं समाजसेवी निशा पारीक, मंजीत ग्रोवर, ने अपने विचार व्यक्त किए जिसके माध्यम से सभी ने अपनी अपनी विचारधाराओं के अनुसार टेलिविजन का हमारे तथा बच्चों के जीवन पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा चन्द्र प्रकाश पारीक,राज कंवर राठौड़, शंकर गर्ग, सुमन पारीक, मंजीत अरोड़ा,अमिता मधूप, गुल सजनानी,मुकेश पारीक, भूषण शर्मा, नीरज पारीक इत्यादि श्रोताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान पूरे कार्यक्रम का संचालन संजय माथुर के द्वारा किया गया और इस दौरान सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वास्तु पहल : वास्तु शास्त्र के अनुसार बनेंगे आवासन मंडल के आवासीय व व्यवसायिक भवन

**आमजन की मंशा जानकर मंडल की नई पहल की शुरूआत**

**वास्तु प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को मुख्यालय में होगी राज्य स्तरीय वर्कशॉप**

**आयुक्त का दावा मंडल का ध्येय आमजन को हर स्तर पर संतुष्टि प्रदान करना**

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने आमजन की मंशा जानकर मंडल द्वारा बनाए जाने वाले आवासीय और व्यवसायिक निर्माण में वास्तु शास्त्र का ध्यान रखने की कार्य योजना बनाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यालय पर वास्तु शास्त्र से जुड़ी राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। जयपुर मुख्यालय 'आवास भवन' पर होने वाली इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप में इंडियन काउंसिल आफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंसेज के प्रोफेसर, वास्तुविद और ज्योतिषाचार्य सतीश शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ मंडल के तकनीकी इंजीनियरों तथा अधिकारियों को वास्तु से संबंधित प्रशिक्षण देंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल ने सदैव आमजन की भावनाओं और बदलते समय और मांग का ख्याल रखते हुए भवनों का निर्माण किया है। आज के दौर में आमजन की प्राथमिकता वास्तु आधारित भवनों को खरीदने की रहती है। व्यापक स्तर पर बनने वाले भवनों में अक्सर वास्तु शास्त्र के नियम लागू नहीं हो पाते। इसी के समाधान के लिए इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल का ध्येय आमजन को हर स्तर पर संतुष्टि प्रदान करना है। अरोड़ा ने बताया कि वर्कशॉप में मंडल सचिव, मुख्य संपदा प्रबंधक, मुख्य अभियंता, तकनीकी सलाहकार, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, तकनीकी सहायक और आवासीय अभियंता स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित होंगे।

## कांग्रेस नेता मील ने की श्याम पदयात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** खंडेला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुभाष मील ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र की खुशहाली के लिए रींगस से खाटू श्याम जी की पदयात्रा की। कांग्रेस युवा नेता हरमेश खटकड़, विजेंद्र मील व राजकुमार धायल ने बताया कि क्षेत्र की उन्नति व खुशहाली के लिए कांग्रेस नेता सुभाष मील के द्वारा रींगस से खाटू श्यामजी की 17 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की गई। पदयात्रा का शुभारंभ रींगस के प्राचीन मठ महादेव मंदिर से किया गया जिसमें हजारों श्याम भक्त केसरिया निशान हाथ में लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए श्याम दरबार में पहुंचे। श्याम पदयात्रा का जगह जगह पर क्षेत्रवासियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, पदयात्रा के दौरान रींगस कस्बे के सिटी बस स्टैंड पर आरंभ मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष नितिन त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस नेता सुभाष मील का साफा बंधवा कर व श्याम प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। बाबा श्याम के दर पर शीश नवाकर कांग्रेस नेता सुभाष मील व उनके समर्थकों के द्वारा क्षेत्र की उन्नति व खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्याम भक्त व कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंचाग

सितारा — निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

**दिनांक: 13मार्च 2023 सोमवार**
**विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 21:26:55 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | विशाखा | 08:20:16 |
| योग | हर्शण | 17:08:37 |
| करण | गर | 09:47:44 |
| करण | वणिज | 21:26:55 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:40:11 | |
| सूर्यास्त | 18:32:56 | |
| चंद्रोदय | 24:10:27 | |
| चंद्रास्त | 10:00:26 | |
| राहू काल | 08:09-09:38 | |
| अभिजित | 12:14-13:01 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| अमृत | 06:40-08:09 | शुभ |
| शुभ | 09:38-11:07 | शुभ |
| चर | 14:06-15:35 | शुभ |
| लाभ | 15:35-17:04 | शुभ |
| अमृत | 17:04-18:33 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
एकनाथ षष्टि:-आज
शीतला सप्तमी:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## चुनावी रंजिश को लेकर बार अध्यक्ष के मुंशी की हत्या, देर रात आरोपी अधिवक्ता अजमेर से गिरफ्तार

गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में 10 मार्च को संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद आपसी विवाद की भेंट चढ़े नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष के मुंशी नंदकिशोर टेलर की हत्या के आरोपी अधिवक्ता को देर रात अजमेर से गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि रींगस की मनवार होटल पर भोजन पार्टी कर रहे विजेता पक्ष के वकीलों पर स्कॉर्पियो गाड़ी चढ़ा कर मारने के आरोपी अधिवक्ता सतवीर घोसल्या को देर रात अजमेर से गिरफ्तार किया गया जिसको सीकर अवकाशकालीन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर पीसी रिमांड लिया जाएगा। आपको बता दें कि 10 मार्च को बार एसोसिएशन की चुनावी जीत के बाद विजेता पक्ष के वकील रींगस की मनवार होटल पर भोजन पार्टी कर रहे थे इसी दौरान रंजिश वश अधिवक्ता सतवीर घोसल्या के द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी चढ़ा कर वकीलों को मारने का प्रयास किया गया, जिसमें घायल हुए नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश शेखावत के मुंशी नंदकिशोर टेलर की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुंशी नंदकिशोर टेलर के शव का रींगस के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद श्रीमाधोपुर के मुख्य स्टैंड पर शव रखकर वकीलों व मृतक के परिजनों द्वारा प्रदर्शन किया गया था जो देर रात आरोपी अधिवक्ता की गिरफ्तारी के बाद समाप्त किया गया।



## डा. गिरवर सिंह राठौड ने राजस्व कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा )।** शनिवार को राजस्व सेवा नियमों के विशेषज्ञ सेवानिवृत्त तहसीलदार डॉ गिरवर सिंह राठौड़ ने राजस्व कर्मियों को प्रशिक्षण दिया इस दौरान राजगढ में उपखंण्ड कार्यालय सभागार में आयोजित हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्तमान संदर्भ में राजस्व कर्मियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक विषयों की जानकारी दी गई और इस दौरान राजस्व कर्मियों ने भी डॉ .राठौड़ से अपने अपने प्रश्न पुछे और सवालों के जवाब जाने और इस दौरान उपखंण्ड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने भी राजस्व कर्मियों को राजस्व से सम्बंधित जानकारी दी और तहसीलदार जुगीता मीणा ने बताया कि राजस्व कार्यशाला से सभी भू अभिलेख निरीक्षक और पटवारीयो को अपने कर्तव्य निर्वहन में सहयोग मिलेगा इस दौरान राजस्व सेवा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में युवाओं द्वारा आयोजित हुआ होली स्नेह मिलन समारोह

**फागोत्सव में भी पहुंचे हजारों की संख्या में युवा**

गरीबों का सितारा



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** रविवार को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में युवाओं द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह व फागोत्सव का श्रीजी धाम बैनाड़ा बस्सी कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस दौरान समारोह में सैकड़ों की संख्या में हरियाणा ब्राह्मण समाज के युवाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे और साथ ही साथ इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद बम्बाला, हरियाणा ब्राह्मण समाज के लोगों को आग्रह करते हुए बताया कि समाज की और से आगामी होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में 100 जोड़ों का लक्ष्य रखते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन को संपन्न बनाना है और साथ ही साथ बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही विवाह करने में फिजूलखर्ची से बचा जा सकता है और समाज का विकास होता है और कार्यक्रम को बढ़ाएं राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद , राष्ट्रीय सह महामंत्री बंशीलाल बोहरा, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष गोपाल गोगोरिया, रोहित शर्मा खेडी जगदीश बंदावला, मुन्ना रामजीपुरा, विनोद सरपंच खेड़ा, राजेश बंदावलाा, बाबूलाल महल, रामधन बापलावत महल, रामनारायण लालपुरा,बद्री नारायण रामप्रसाद पार्षद, सुनील तिलावाला, गोपाल चांदीवाले, सियाराम महाराजपुरा,रमेश मावा वाले बिलवा, रमेश गोगोरिया गोविंदपुरा, कालू राम हरसोरा किशनपुरा, विष्णु कमलेश कानोता ,अनिल टीलावाला, अरुण ब्रमपुरी, बंशी खेड़ी आदि मौजूद रहे।

## तनु श्री पारीक पुरस्कृत

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर, 12 मार्च। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दिल्ली सरकार के तत्वावधान में दिल्ली महिला आयोग द्वारा तनु श्री पारीक, सा. कमाण्डेंट, बीएसएफ (बीकानेर) को उनके असाधारण कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूद थे। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती स्वाति मलीवाल ने भारत की चुनिंदा महिलाओं को, जोकि ना सिर्फ.महिला सक्तिकरण की मिसाल है बल्कि पूरे भारतवर्ष में दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत्र है, को बदलते भारत की नींव बताते हुए बधाई दी ।

## हिंदू धर्म के खिलाफ पुस्तक छपवा कर धार्मिक उन्माद फैलाकर सांप्रदायिक दंगा कराने की साजिश का पदार्फाश

**ब्रज भूमि कल्याण परिषद के डॉ. पंकज गुप्ता एवं अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकताओं के द्वारा दर्ज करवाई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट**

गरीबों का सितारा



**रुपेश शर्मा, अलवर।** रविवार को रामपाल संप्रदाय के लोगों के द्वारा जिनमें 20-30 की संख्या में महिला और 15-20 की संख्या में पुरुष और बच्चे शामिल हैं को अशोका टॉकीज राम मंदिर के आस पास प्रचार करते हुए हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने पकड़ा और शहर कोतवाली में पुलिस को सूचना दी जिस पर कार्यवाही करते हुए जाब्ता भेज कर शहर कोतवाली अलवर के द्वारा 15-20 आरोपी महिला, पुरुष बच्चों को पकड़कर कोतवाली लाया गया जहां पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. पंकज गुप्ता के द्वारा हिंदू धर्म के खिलाफ अनर्गल प्रचार करने वाले लोगों की धार्मिक उन्माद फैलाने, दंगा भड़काने की साजिश करने की शिकायत, एफ आई आर दर्ज करवाई गई जिस पर शहर कोतवाली अलवर ने मामला दर्ज कर जांच चालू कर दी , इस मौके पर हिंदू संगठनों के लोगों की मांग है कि इन धार्मिक उन्माद फैलाने वाले लोग जो पूरे शहर और जिले में धर्मांतरण की गतिविधि चला रहे हैं को रोकना बहुत जरूरी है अतः कानून के तहत इन को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जानी चाहिए इस मौके पर अन्य हिंदू संगठनों से विजेंद्र सिंह, लीला सैनी , हरि सिंह चौधरी, संदीप योगी, अश्वनी जावली, प्रेम प्रकाश शर्मा, हरिराम शर्मा एवं दर्जनों की संख्या में हिंदू संगठनों के लोग उपस्थित थे सभी ने एक स्वर में यह मांग की कि अपराधी तत्वों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और धार्मिक उन्माद हार दंगा भड़काने की साजिश के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जावे।

## पूर्व राजमाता की अंतिम यात्रा में उमड़े लोग, राज परिवार की रीति-नीति से हुआ अंतिम संस्कार





गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर राजघराने की पूर्व राजमाता सुशीला कुमारी का रविवार को देवीकुंड सागर स्थित श्मशान भूमि में पूरे राज परिवार की रीति-नीति के साथ अंतिम संस्कार हुआ।इससे पूर्व राजमाता की अंतिम दर्शनों व यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। बीकानेर के जूनागढ़ से पूर्व राजमाता सुशीला कुमारी की राज परिवार की रीति के अनुसार बैकुंडी पूरे सम्मान के साथ निकाली गई। जूनागढ़ से देवीकुंड सागर स्थित श्मशान भूमि तक उनके अंतिम दर्शनों के लिए लोग उमड़ पड़े। देवीकुंड सागर स्थित श्मशान भूमि में पूरे राज परिवार की रीति व सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि शुक्रवार देर रात को लालगढ़ स्थित उनके आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उसके बाद रात को ही उनकी पार्थिव देह जूनागढ़ लाई गई। जहां राज परिवार से लेकर राजनेता व उद्योगपति से लेकर आम जन ने उनके अंतिम दर्शन कर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### शेखावाटी उत्सव के तीसरें दिन मेहन्दी, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



गरीबों का सितारा



**सीकर।** जिला प्रशासन सीकर एवं पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले शेखावाटी उत्सव के तहत पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम लक्ष्मणगढ़ में शनिवार तीसरें दिवस मटका दौड़ प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मटका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रमिला सैनी, द्वितीय स्थान पर कांता जाट तथा तृतीय स्थान पर बबीता विजेता रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा सैनी द्वितीय स्थान कुसुम नीलिमा शर्मा विजेता रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बबीता, गुंजन व दिनेश तथा द्वितीय स्थान पर महिमा विजेता रही।

### गोरा का खेड़ा गांव में 101 हरि बोल प्रभात फेरी का हुआ संगम



गरीबों का सितारा

**गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो... भक्तजनों ने भजनों का लिया आनंद**

**रायला।** क्षेत्र के सरेरी पंचायत के गोरा का खेड़ा गांव में चारभुजा मंदिर पर सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। पंडित जगदीश दाधीच ने बताया कि हरि बोल --- हरि बोल ----के जयकारे लगे और 101 हरि बोल प्रभात फेरी का संगम हुआ। गांव का माहौल भक्तिमय में हो गया । गोरा का खेड़ा गांव में मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई प्रभातफेरी गुजरी भक्तजनों ने भजन कीर्तन करते हुए गांव का माहौल भक्ति में हो गया। ग्राम वासियों ने हरि बोल प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया । जमना लाल जाट( घंटाला) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भगवान चारभुजा के मंदिर में सत्यनारायण भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया! प्रभात फेरी में आने वाले अध्यक्ष को श्री फल ओर 111 भेंट की गई।

### पुलिस ने एक हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार किया गया

**10 साल से फरार चल रहा था स्थाई वारन्टी**

गरीबो का सितारा



**वी.पी.मीणा बहरोड़।** शाहजहांपुर थाना पुलिस ने दस साल से फरार चल रहे एक हजार के ईनामी को गिरफ्तार किया।थानाप्रभारी विक्रम सिंह के अनुसार विशेष अभियान के दौरान एसपी भिवाडी अनिल कुमार बेनीवाल के आदेशानुसार जगराम मीना अति पुलिस अधीक्षक नीमराना के निर्देशन व महावीर सिंह वृत्ताधिकारी वृत्त नीमराना के निकटतम सुपरविजन में गठीत पुलिस टीम ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ की कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे इनामी अपराधी स्थाई वारन्टी इन्द्राज पुत्र झाबरमल अहिर निवासी केरपुरा की ढाणी तन लालसिहवाली थाना खण्डेला जिला सीकर को किया गिरफ्तार है।पुलिस टीम में विक्रम सिंह थानाधिकारी शाहजहापुर, राजकमल एएसआई, महेन्द्र सिंह कांस्टेबल और शिवराज सिंह कांस्टेबल थाना शाहजहांपुर शामिल रहे।

### भारत विकास परिषद ने किया रक्तदान शिविर आयोजित



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के पार्क अस्पताल में रविवार को भारत विकास परिषद शाखा बहरोड की ओर से अपने कार्यकाल के 28 वर्ष पूरे होने पर 47 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। इस दौरान महिला पुरुष दोनों ने बढ़ चढ़कर कैंप में हिस्सा लिया। वहीं अस्पताल के चिकित्सा कर्मी भी पीछे नहीं रहे। जिसमें डॉ सौरव शर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ ने अपने जीवन में 18 बार रक्तदान कर युवा वर्ग को प्रेरणा दी। व महान रक्तदाता राकेश जयपाल ने अपने जीवन में 63वीं बार रक्तदान कर युवा वर्ग के लिए बड़े स्तर पर प्रेरणा बने। पार्षद ओम यादव ने भी अपना शैक्षिक रक्तदान किया। इस दौरान कृष्ण यादव, ओम यादव पार्षद, राकेश मुच्छल, वीरेंद्र प्रजापति, मुकेश कुमार यादव, विजय शर्मा, संदीप यादव, प्रदीप सुरेलिया, महावीर योगी, हरपाल सिंह यादव पर्यावरण प्रेमी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नूर शाह फैक्ट्री वाले बाबा के उर्स मौके पर अशोक जख्मी और जुबेर सुल्तानी ने कलाम पेश किया

## अमन चैन-खुशहाली की दुआ मांगी

गरीबों का सितारा




**बिजयनगर।** रामकिशन वैष्णव राजनगर में नूर शाह फैक्ट्री वाले बाबा के उर्स मौके पर अशोक जख्मी और जुबेर सुल्तानी ने पेश किया कलाम , मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की ! विधायक राकेश पारीक सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शरीक ! "नाव बढा लेना रे माझी....." कलाम पर झूम उठे श्रोता। विजयनगर राजनगर स्थित नूर शाह बाबा फैक्ट्री वाले (हजरत नूर शाह शहीद रह० अलेह) की दरगाह पर सालाना उर्स का कुल की रस्म और गणमान्य लोगों की दस्तारबंदी के साथ ही संपन्न हुआ। देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की गई ! रविवार को आयोजित कव्वाली प्रोग्राम में उत्तर प्रदेश के ख्यातनाम कव्वाल अशोक जख्मी और जुबेर सुल्तानी ने शंमा बांध दी। अशोक जख्मी की मशहूर पेशकस "नाव बढा लेना रे माझी....." श्रोता झूम उठे। वही जुबेर सुल्तानी ने दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए....! अली अली और मां की अजमत पर कलाम पेश करें शमा बांध दीं। उर्स में शनिवार की रात में केकडी तीराहा राजनगर पर उत्तर प्रदेश से रेडियो और टीवी सिंगर अशोक जख्मी (बनारस) जुबेर सुल्तानी (बदायूं) का कव्वाली प्रोग्राम में रात 3:00 बजे तक राष्ट्रीय एकता और अखंडता भाईचारा धार्मिक और आध्यात्मिक प्रस्तुति श्रोताओं को भावविभोर कर दिया जिसमें क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक मुख्य अतिथि और पूर्व चेयरमैन सचिन सांरवला विशिष्ट अतिथि थे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम बाबू, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद मंसूरी हाजी हिम्मत अली, थानाधिकारी दिनेश चौधरी, पार्षद मूल सिंह राठौड़, नौशाद मोहम्मद, ओम माली, ओमप्रकाश मेघवाल, नगीना शायरी, तरुण कच्छावा, किसान नेता कैलाश जाट सहित अतिथियों का साफा बंधा कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि रशीद निमोर्ही ने किया। मुस्लिम समाज और जामा मस्जिद सजा अब्दुल हकीम चौधरी ,उर्स इंतजामियां कमेटी के दरगाह कमेटी सदर अब्दुल अजीज कुरैशी उस्ताद सेक्रेटरी शंभू खान पठान सदर व पार्षद मोहम्मद दाऊद कुरेशी पार्षद शहजाद मंसूरी , खचांची उस्मान खान पठान,पूर्व पार्षद अब्दुल अजीज कुरेशी, मास्टर अब्दुल हमीद, मीडिया प्रभारी अरवत्यार अली,प्यार मोहम्मद, अब्दुल सलीम भैय्या, सलीम भाई कुरेशी, सदीक पठान, सलीम उस्ताद, जाफर भाई कुरेशी, इकबाल कंडक्टर मुमताज अली मास्टर सहित समाज जन मौजूद थे। मीडिया प्रभारी अरवत्यार अली ने कमेटी की ओर से आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि विधायक राकेश पारीक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमें प्रेम सद्भाव और भाईचारे की सीख मिलती है मानवता का पैगाम आम करने का अवसर है आज समय लोगों को जोड़ने का है नफरत फैलाने वाली ताकतो को कमजोर करने की आवश्यकता है।

# सत्ता के मद में चूर मुख्यमंत्री को नहीं दिख रहा वीरांगनाओं का दर्द : शुक्ला

**दमन पर उतरी सरकार, भाजपा सांसद के साथ पुलिस का व्यवहार अशोभनीय**

## भाजपा किसान मोर्चा राज्यपाल के नाम सौंपेगी ज्ञापन

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह सत्ता के मद में चूर हो चुकी है। सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ना किसानों का दर्द दिख रहा है ना ही देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों की वीरांगनाएं। अपनी मांगों के लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रही वीरांगनाओं को सरकार ने दमन की नीति अपनाते हुए रातों रात उठा कर ऐसे घरों में कैद कर लिया जैसे वह बहुत खतरनाक अपराधी हो। वीरांगनाओं के चारों ओर पुलिस का पहरा है और उन्हें किसी से ना तो मिलने की अनुमति है ना ही कहीं जाने की। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रसूनचंद्र शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री को को कम से कम वीरांगनाओं की बात तो सुननी चाहिए। लेकिन सरकार उल्टा वीरांगनाओं का हाल जानने जा रहे जनप्रतिनिधियों पर ही जुर्म कर रही है। दो दिन पहले भाजपा सांसद जब वीरांगना से मिलने अस्पताल जा रहे थे तो सरकार के इशारे पर पुलिस ने जिस प्रकार भाजपा सांसद वरिष्ठ नेता किरोडीलाल मीणा के साथ अशोभनीय व्यवहार किया वह निंदनीय है। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब देख रही है। इस कृत्य के खिलाफ भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपेगी। शुक्ला ने कहा कि तानाशाह सरकार जिस पर एक चुने हुए जनप्रतिनिधि के साथ व्यवहार कर रही है वह अपनी नाकामी को छिपाने का प्रयास है। सरकार के खिलाफ जो भी आवाज उठाता है वह चाहे कोई भी हो उसके खिलाफ हर प्रकार की साजिश की जा रही है। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सरकार की इस हरकत के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

# रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल एवं श्री गौड़ ब्राह्मण समाज समिति सीकर द्वारा स्वास्थ परिचर्चा आयोजित

गरीबों का सितारा





**सीकर।** आज सीकर में स्टेशन रोड स्थित एक होटल मे सीकर के नागरिकों के लिए स्वास्थ परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के डॉ आशीष शर्मा, डायरेक्टर हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग ने घुटने, कमर, कंधे और कूल्हे के दर्द एवं स्पोर्ट्स इंजरी सम्बंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया इस मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए श्री गौड़ ब्राह्मण समाज समिति सीकर के सभी सदस्यो को आमंत्रित किया गयाकइस दौरान डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि मरीजों को चाहिए की वे मोटापा नियंत्रित करें, जंक फूड का इस्तेमाल नहीं करें। नियमित व्यायाम एवं जांघ की मांस-पेशियों की कसरत, फिजियोथैरेपी, नियमित योगा आदि करें। लोगों को छोटी चोट का भी इलाज समय पर कराना चाहिए, घुटने के व्यायाम को डेली रूटीन में शामिल करना बहुत जरूरी है डॉ आशीष ने बताया कि घुटने के प्रत्यारोपण के लिए कई प्रकार की भ्रांतियां समाज में उपलब्ध हैं प्रत्यारोपण अलग ठीक तरीके से किया जाए तो यह हमेशा सक्सेस रहता है समाज समिति की तरफ से रतन लाल जी शर्मा, अनिल जी डोकवाल, दीप्ती तिवारी जी के साथ पार्षद मोहर सिंह जी, विनय जी शर्मा, गोपाल लाल जी शर्मा, बाबूलाल जी शर्मा नेता प्रतिपक्ष एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे हॉस्पिटल की ओर से दीपेश अग्रवाल एवं शिवपाल रणवा ने बताया कि आम जन मे जागरूकता बढ़ाने के लिये इस तरह के प्रोग्राम का आयोजन अलग अलग शहरों में निरंतर रूप से किया जाता हैं।

# प्राकृतिक चिकित्सा मानव जीवन के लिए वरदान : डॉ. विष्णु सांखला

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से अभिभूत है साथ ही देखा जाए तो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अपने भागमभाग की जिंदगी में अपने स्वयं को भी भुला चुका है साथ ही यह कहने में लेश मात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए कि मनुष्य कितना भी भागे जब तक वह शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है तब तक आनंदमय जीवन से लाखों कोसों दूर ही परिलक्षित नजर आएगा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अनेक प्रकार की बीमारियों से रोग ग्रस्त ही नजर आता है जिसका परिणाम यह है कि वे प्रतिदिन एलोपैथी एव होम्योपैथी के इर्द-गिर्द ही घूमता हुआ दिखाई देता है आज कलमकार का दृष्टांत एक ऐसे चिकित्सा की ओर संकेत कर रहा है जिसमें होम्योपैथी एलोपैथी से दूर मनुष्य अपने जीवन को बिना किसी दवा के स्वस्थ रख सकता है यदि मानव अपने जीवन को संयमित करके जीना सीख ले तो निसंदेह व प्राकृतिक चिकित्सा के निकट पहुंच जाएगा प्राकृतिक चिकित्सा एक ऐसी चिकित्सा है जो मनुष्य को न केवल स्वस्थ रखती है अपितु बिना दवा खर्च के उसे तंदुरुस्त भी रखती है प्राकृतिक चिकित्सा एक ऐसा रहस्यमाय ज्ञान है जिससे यदि सरोकार हो जाए निसंदेह मानव जीवन आनंद से तिरोहित हो जाएगा जब कलमकार प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर विष्णु सांखला से रूबरू हुए तो उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा के ज्ञान के ऐसे तत्वों से सरोकार करवाया जिसको सुनकर कोई भी आम व्यक्ति अपने दांतो तले उंगली दबाने के लिए विवश हो ही जाता है सांखला का कहना है कि प्राकृतिक चिकित्सा एक ऐसी पद्धति है जिसमें व्यक्ति संयमित जीवन जीते हुए विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त हो सकता है इनका कहना है कि प्राकृतिक चिकित्सा से माइग्रेन, किडनी स्टोन, पाइल्स, हृदय रोग, शुगर जैसी गंभीर समस्याओं से निदान पाया जा सकता है वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान परिपेक्ष में प्राकृतिक चिकित्सा गंभीर से गंभीर रोगों के निदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है जब कलमकार ने यह पूछा कि वर्तमान परिपेक्ष में लोग एलोपैथी की ओर दौड़ रहे हैं आपकी प्राकृतिक चिकित्सा में दिलचस्पी होने के पीछे मूलभूत कारण क्या रहा है तब डॉक्टर विष्णु का कहना है कि प्राकृतिक चिकित्सा में आने के पीछे मूलभूत कारण यह है कि ये एक ऐसी चिकित्सा है जिसमे बिना किसी खर्च के लोगों की दुआएं मिलती है।

# श्री राम चरित मानस मंडल गुलाबपुरा द्वारा सार्वजनिक धर्मशाला में पांच लाख की सहयोग राशि भेंट की गई!



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव स्थानीय श्री राम चरित मानस मंडल द्वारा सार्वजनिक धर्मशाला में भवन निर्माण हेतु पाच लाख भेंट किए गए ! शहर में सबसे प्राचीन सुंदरकांड मंडल श्री रामचरित मानस मंडल गुलाबपुरा द्वारा सार्वजनिक धर्मशाला में भवन निर्माण हेतु पांच लाख सहयोग राशि प्रदान की गई, सुंदरकांड पाठी सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के आयोजन से एकत्रित राशि पांच लाख का सहयोग धर्मशाला में भवन निर्माण हेतु, धर्मशाला कमेटी को प्रदान किए गए ! इस दौरान संपत व्यास, गोवर्धन पारीक, नंदलाल तोषनीवाल, शिवनाथ सिंह अंटाली, बालू लाल कालिया व देवपाल शर्मा मौजूद थे ! इससे पूर्व भी एकत्रित राशि को मुक्तिधाम, धर्मशाला में निर्माण कार्य व गर्मी के दिनों में प्याऊ लगाकर खर्च की गई थी।

# भगवती स्कूल में विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के गूँती ग्राम में स्थित भगवती पब्लिक स्कूल प्रांगण में रविवार को बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को जूनियर कक्षाओं के बच्चो द्वारा विदा किया गया। इस दौरान स्कूल निदेशक रिंकेश कुमार यादव ने अपने उध्बोधन में स्कूल परिणाम व बच्चो की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अपने शिक्षक स्टॉप की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनको सम्मानित किया गया। बताया कि हमें पत्थर की तरह कठोर बनना है निरंतर मेहनत करके हमें अपनी मंजिल हासिल करनी है। इस दौरान निजी शिक्षण संस्थान अध्यक्ष अनिल शर्मा, पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल यादव, अध्यापक निशान्त सैनी, हेमन्त, भागीरथ यादव सहित स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था ब्यावर का होली स्नेह मिलन का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था का होली स्नेह मिलन रविवार को मेघ महल में महासभा संस्था के संरक्षक हजारीलाल भाटी की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की सभी आगंतुक समाज बंधुओं का कुमकुम तिलक गुलाल लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समारोह में संरक्षक भाटी ने सभी समाज बंधुओं को इस त्यौहार को प्रेम पूर्वक मना कर समाज में सौहार्द के साथ काम करने तथा समाज विकास की चेतना पर बल दिया महासभा संस्था ब्यावर ने अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी में ब्यावर इकाई के मनोनीत सदस्य ठाकुरदास कोषाध्यक्ष तथा मदन लाल कड़ेला ब्लॉक रायपुर में सर्वश्रेष्ठ शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सचिव गुरु शरण गोयल उप प्रधानाचार्य समाज बंधुओं का स्वागत अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में हजारीलाल भाटी सचिव नरेंद्र कटारिया कुंभाराम जोधावत सूरजमल सुवाल मदन लाल कड़ेला ठाकुरदास मेहरा सूरजमल लाल चुन्नी लाल बाबू लाल बाग रानी हेराराम धोधावत गोपाल कटारिया सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# योजनाओं पर अमल से बेहतर बनेंगे शहर

भारतीय अर्थव्यवस्था को शहर रफ्तार देते हैं। देश के शहर जितने सुनियोजित होंगे, आर्थिक गतिविधियां उतनी तेज होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद आयोजित हो रहे वेबिनार की श्रृंखला में 'शहरी योजना, विकास और स्वच्छता' विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि सुनियोजित शहर देश की किस्मत तय करेंगे। यह बात तथ्यात्मक रूप से सही है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक, देश के करीब 31.5 फीसदी आबादी शहरों में रह रहे हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था में 63 फीसदी से अधिक का योगदान देते हैं। ऐसी उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक शहरी क्षेत्रों में भारत की आबादी का 40 फीसदी रहेगा और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 75% का होगा। इसके लिए शहरों के भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। इन्हीं जरूरतों को देखते हुए मोदी सरकार ने देश के सौ महत्वपूर्ण शहरों को जून 2023 तक स्मार्ट सिटी बनाने का ऐलान अपने पहले कार्यकाल में ही 25 जून 2015 को किया था। 2023 का मार्च आ गया है, लेकिन अभी तक सौ में से एक भी शहर स्मार्ट बनने के करीब नहीं पहुंचा है, जिसे जून में स्मार्ट घोषित किया जाय। स्मार्ट सिटी के लिए सरकार ने शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्वसुलभ किफायती ट्रान्सपोर्ट सिस्टम, निर्बाध बिजली आपूर्ति, बढ़िया इंटरनेट कनेक्टिविटी, साफ व स्वच्छ वातावरण, प्रदूषण मुक्त क्लाइमेट, पर्याप्त हरित क्षेत्र, स्वास्थ्यकर आवास, धूप व हवा की पहुंच, बेहतर अस्पताल व स्कूल-कालेज नेटवर्क सभी तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा सुरक्षित कानून-व्यवस्था आदि मानदंड तय किए गए थे। स्मार्ट मिशन प्रोजेक्ट के बावजूद करीब आठ साल में भारतीय शहरों की दशा में बहुत सुधार नहीं आया है। आज अधिकांश भारतीय शहर जनसंख्या दबाव, प्रदूषण, गंदगी, दूषित पेयजल, स्वच्छ जलापूर्ति की किल्लत, खराब परिवहन व्यवस्था, बिजली की कमी, बेतरतीब इन्फ्रास्ट्रक्चर, चरमरायी हुई अस्पताल व एजुकेशन नेटवर्क, हरित क्षेत्र की कमी आदि संकटों से जूझ रहे हैं। शहरों में देश की किस्मत तय करने का सामर्थ्य होने के बावजूद सरकारों ने योजनाबद्ध तरीके से शहरीकरण नहीं किया है, इसी का नतीजा है आज देश के शहरों के दम फूल रहे हैं। योजना के हिसाब से केवल चंडीगढ़ का विकास किया है। इंदौर स्वच्छ शहरों में शुमार है। औद्योगिकीकरण और आवासीय क्षेत्रों में घालमेल के चलते अधिकांश बड़े शहरों की दशा खराब है। सड़कों की हालत तो दयनीय है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक देश के 163 शहर प्रदूषित हैं। शहरों की अपनी आय व्यवस्था होने के बावजूद बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण नहीं किया गया है। वर्ल्ड वाइड फंड की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया और उसे अनुकूल बनाने की तत्काल कोशिश नहीं की गई तो भारत के ही 30 से ज्यादा शहर भारी जल संकट का सामना करने को मजबूर होंगे। भारत के जिन शहरों पर जल संकट का सबसे पहले प्रभाव पड़ेगा उसमें मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, जयपुर, इंदौर, अमृतसर, पुणे, श्रीनगर समेत करीब 30 शहर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक जल संकट चरम पर पहुंच सकता है। इस अध्ययन में साल 2030 से 2050 तक के बीच जिन शहरों को जल संकट को लेकर सबसे जोखिम वाले हिस्से में रखा गया है उसमें अहमदाबाद, अमृतसर, चंडीगढ़ जैसे शहर प्रमुख हैं। शहरीकरण की योजना बेहतर होगी और उस पर अमल होगा, तभी हमारे शहर जलवायु अनुकूल और पानी की दृष्टि से सुरक्षित बनेंगे। इसके लिए सभी सरकारी मशीनरियों को आपसी तालमेल के साथ समयबद्ध तरीके से काम करना होगा।

## सारा संसार



नेहरु कुंड को अपना नाम भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम से दिया गया है। इस कुंड का पानी नेहरू के लिए दिल्ली तक ले जाया जाता था क्योंकि उन्हें इस कुंड का पानी बेहद पसंद था। जब जवाहरलाल नेहरू मनाली दौरे पर आए थे तो वो इस कुंड के पानी को पीकर मंत्रमुग्ध हो गए थे।

## शिक्षा

भूपेन्द्र भारतीय



# बोर्ड परीक्षा भयमुक्त हों

देश के अधिकांश क्षेत्रों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। छात्र छात्राएं भी पूरी तैयारी से परीक्षाओं में लगे हैं, लेकिन हर बार देखने में आता है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों में एक भय व तनाव-सा बना रहता है या फिर बहुत से शिक्षकों व अभिभावकों द्वारा बना दिया जाता है। जो पूरी तरह से अनुचित है। इसके कारण हर वर्ष बहुत से बच्चे गलत निर्णय लेते हैं। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद कई छात्र इसे आत्मसम्मान व जीवन का अंतिम परिणाम मान लेते हैं। बोर्ड परीक्षाएं सिर्फ़ आगे की पढ़ाई व उच्च शिक्षा के लिए एक सीढ़ी है इससे ज्यादा कुछ नहीं। और आजकल तो उच्च शिक्षा के लिए भी फिर प्रतियोगी परीक्षाएं देनी होती हैं तो फिर बोर्ड परीक्षाओं के लिए इतना तनाव क्यों! बहुत बार तो जीवन में इन परीक्षा परिणामों का ज्यादा महत्व नहीं रहता है। यहां तक की दसवीं की अंकसूची तो जन्म तारीख देखने के ही काम आती है बस। इसे इतनी गंभीरता से न लें। यह समय आपके सीखने व ज्ञान अर्जित करना का एक पड़ाव भर होता है। न की मानसिक तनाव में आकर बोर्ड परीक्षाओं के लिए सब कुछ कर जाने का। अभिभावकों को इस समय विशेष तौर पर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहना चाहिए। उन्हें इसे तरह के तनाव से दूर रखना चाहिए। सभी स्कूली छात्र बोर्ड परीक्षाएं बगैर किसी तनाव, डर, भय या फ़िक्र के मस्ती में दें। जीवन की यात्रा अभी तो बहुत लंबी हैं और वैसे भी आपने अब तक जो तैयारी कर ली है वही इन परीक्षाओं में काम में आएगी, फिर तनाव किस बात का। वहीं शिक्षकों व अभिभावकों को भी समझना चाहिए कि बच्चों पर किसी भी तरह का अनुचित दवाब या डर न बनाएं। अक्सर खबरों में देखने को आता है कि विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं के समय बच्चे मानसिक तनाव बहुत ज्यादा ले लेते हैं, जिसके कारण कई बार गंभीर घटनाएं टीवी व अखबारों के माध्यम से देखने व सुनने को मिलती हैं। इन परीक्षाओं के समय छात्रों को टीवी व इंटरनेट से उचित दूरी बनाकर रखना चाहिए तथा अपने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस बात की ओर अभिभावकों को भी ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह से दिनोंदिन गला काट प्रतियोगिता का माहौल बनता जा रहा है। वह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। राज्य व केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालयों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। अधिकांश समय देखा गया है कि निजी शैक्षणिक संस्थान व कोचिंग संस्थान भी बच्चों पर परीक्षा का एक बेहद तनावपूर्ण वातावरण निर्मित कर देते हैं, जिसे सामान्य मामलों व मध्य वर्ग परिवार के बच्चे सहन नहीं कर पाते हैं। उन्हें इस तरह से भयभीत किया जाता है कि जैसे बोर्ड परीक्षाएं उनके जीवन की अंतिम परीक्षा है, जिसका बहुत बार परिणाम यह होता है कि बच्चे आत्महत्या तक के निर्णय पर पहुंच जाते हैं। इस तरह की गलाकाट प्रतियोगिताओं का वातावरण निर्माण करना, हमारे समाज व बच्चों के जीवन के लिए कभी सही नहीं हो सकता है। इन जैसी परीक्षाओं के लिए विद्यालय, शिक्षकों, अभिभावकों व शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को सहज व भयमुक्त वातावरण का निर्माण करना चाहिए और साथ ही एक स्वस्थ प्रतियोगिता व बच्चों के संपूर्ण शैक्षणिक सत्र के तौर पर इन परीक्षाओं का संचालन होना चाहिए।



दरकार

संगीता गौड़

# बाल विवाह के खिलाफ सख्ती जरूरी

बाल विवाह के खिलाफ सरकार के फैसले को केवल इसी नजरिए से देखना चाहिए। बचपन जाति-धर्म, ऊंच-नीच से परे है। फैसले को राजनीतिक व धार्मिक दृष्टि से देखने की बजाय इसका समर्थन करना चाहिए। साथ अन्य राज्य सरकारों को भी असम सरकार के इस कदम को अपनाना चाहिए। बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई किसी सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की है। ऐसे में सभी को इसके खिलाफ आगे आना होगा। जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से, शिक्षा से व कानून का सख्ती से पालन करवाने पर ही बाल विवाह का समूल उन्मूलन किया जा सकता है। गैर सरकारी संगठनों को भी इसमें सरकार के साथ सहयोग करना चाहिए।

बाल विवाह सामाजिक बुराई नहीं बल्कि एक अपराध (सामाजिक अपराध) है। यह सामाजिक अपराध हर वो व्यक्ति कर रहा है जो बाल विवाह के कार्यक्रम में शामिल होता है। अब फिर वो चाहे माता-पिता हों या वो जो बाल विवाह करवाता है या ऐसी शादी में शामिल होने वाले वे सभी व्यक्ति, जो मेहमान के तौर पर या शादी में कामकाज करने वालों के तौर पर आते हैं। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई तभी तक थी, जब तक इसे रोकने के लिए साल 1929 में बाल विवाह निरोधक अधिनियम (शारदा एक्ट) नहीं आया था। इस कानून का आना अपने आप में इसे सामाजिक बुराई से एक अपराध में परिवर्तित कर देता है। पिछले दिनों असम सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ एक सख्त कदम उठाया है। असम में अब 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ लैंगिक उत्पीड़न से बच्चों के संरक्षण का अधिनियम-2012 (पॉक्सो) के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह अच्छा कदम है।

सरकार के इस फैसले के बाद राज्य में बाल विवाह करने और करवाने वालों की सख्ती से धरपकड़ शुरू हो गई है। यह लेख लिखे जाने तक करीब 3,000 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। असम सरकार ने जो कदम उठाया है, उसे समझने के लिए कुछ तथ्यों पर निगाह डालने की जरूरत है। पिछले साल आई राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) की रिपोर्ट के अनुसार असम में 20 से 24 वर्ष की उम्र की 31 प्रतिशत से ज्यादा ऐसी महिलाएं हैं जिनकी शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले यानी बाल विवाह कर दिया गया। वहीं, इस मामले में राष्ट्रीय औसत तकरीबन 23 प्रतिशत है। असम में 11.7 फीसदी लड़कियां नाबालिग उम्र में गर्भवती हो रही हैं। यह महज आंकड़े नहीं बल्कि बर्बाद हो रहे बचपनों की दास्तां हैं। राज्य के सीमावर्ती जिले धुबरी में आंकड़ा और भी भयावह है, जहां 50 फीसदी शादियां कम उम्र में हो रही हैं। ऐसे में लड़कियां कम उम्र में मां बनने को मजबूर हैं। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की ओर से 2022 में जारी आंकड़ों के अनुसार असम, देश में सबसे ज्यादा मातृ मृत्यु दर वाला राज्य है, जबकि शिशु मृत्यु दर के मामले में यह तीसरे नंबर पर है। सर्वे के मुताबिक, असम में जिनकी शादी 18 साल से पहले हो गई हो, ऐसी 20-24 आयु वर्ग की लड़कियों की मातृ मृत्यु दर करीब प्रति लाख 195 है, जबकि पहले से ही मातृत्व धारण कर चुकीं या सर्वेक्षण के समय 31.8 फीसदी गर्भवती 15-19 आयु वर्ग की लड़कियों की मातृ मृत्यु दर 11.7 फीसदी है। दरअसल, बाल विवाह जैसे अपराध और इसके दुष्परिणामों की गंभीरता को समझना जरूरी है। नाबालिग उम्र में शादी होने से बच्चों, खासकर लड़कियों का न केवल शारीरिक उत्पीड़न होता है बल्कि मानसिक आघात भी लगता है जिसका दीर्घकालिक असर होता है। पढ़ने-लिखने की उम्र में लड़कियों को चौका-चूल्हा संभालना पड़ता है। लड़कियां नाबालिग



उम्र में गर्भवती होने को मजबूर हो जाती हैं। कई बार तो प्रसव के दौरान उनकी मौत भी हो जाती है। खेलने-कूदने की उम्र में बच्चे की देखभाल करनी पड़ती है। इस समस्या के आर्थिक पहलू को भी समझने की जरूरत है। देश की करीब 40 फीसदी आबादी बच्चों की है। ऐसे में जब उनका बाल विवाह कर दिया जाता है तो जाहिर है कि उनकी शिक्षा-दीक्षा नहीं हो पाती है। इतनी बड़ी आबादी देश के कुशल कार्यबल या वर्कफोर्स का हिस्सा बनने से वंचित रह जाती है। सरकार का लक्ष्य साल 2025 तक देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का है।


इस तरह बाल विवाह देश की आर्थिक प्रगति में भी बाधक है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी है कि बाल विवाह पर पूरी तरह से लगाम लगाई जाए। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित व बाल अधिकार कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी भी बाल विवाह को बच्चों के शोषण का पर्याय मानते हुए इसके खिलाफ अभियान चला रहे हैं। कैलाश सत्यार्थी ने पिछले साल 16 अक्टूबर को 'बाल विवाह मुक्त भारत' आंदोलन की शुरुआत की है। देशव्यापी इस आंदोलन को असम समेत कई राज्यों की सरकारों ने अपना भरपूर समर्थन दिया था। देश के 10,000 से ज्यादा गांवों में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया था। समय की जरूरत है कि असम सरकार के फैसले का न केवल स्वागत किया जाए बल्कि बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चला जाए। यह मुद्दा बच्चों के साथ-साथ महिलाओं के अधिकार व सशक्तिकरण से भी जुड़ा है। बाल विवाह इस सशक्तिकरण में बाधक है। हमें सरकार के फैसले को केवल इसी नजरिए से देखना चाहिए। बचपन जाति-धर्म, ऊंच-नीच से परे है। फैसले को राजनीतिक व धार्मिक दृष्टि से देखने की बजाय इसका समर्थन करना चाहिए। साथ अन्य राज्य सरकारों को भी असम सरकार के इस कदम को अपनाना चाहिए। बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई किसी सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की है। ऐसे में सभी को इसके खिलाफ आगे आना होगा। जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से, शिक्षा से व कानून का सख्ती से पालन करवाने पर ही बाल विवाह का समूल उन्मूलन किया जा सकता है। गैर सरकारी संगठनों को भी इसमें सरकार के साथ सहयोग करना चाहिए। साथ ही शिक्षाविदों, समाज सुधारकों, लेखकों एवं समाज को प्रभावित करने वाले बुद्धिजीवियों और नीति निर्माताओं को भी बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। समाज और सरकारों के सामूहिक प्रयास से ही हम बच्चों को सुशिक्षित, स्वस्थ, खुशहाल एवं सुरक्षित बना सकते हैं।

भारत में बाल विवाह की समस्या बहुत पुरानी है। हालांकि यह प्रथा शुरू से नहीं थी। बाद में यह कुरीति आई। समूचे विश्व में भारत का बालविवाह में दूसरा स्थान हैं। भारत में शादी योग्य लड़कियों में चौथाई फीसदी लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की आयु से पूर्व ही हो जाता हैं। यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपात निधि) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय क्षेत्रों से अधिक बाल विवाह होते है। यह सोच कर बड़ा अजीब लगता हैं कि वह भारत जो अपने आप में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, उसमें आज भी एक ऐसी कुरीति जिंदा है। बालविवाह के केवल दुस्परिणाम ही होते हैं, जिनमें सबसे घातक शिशु व माता की मृत्यु दर में वृद्धि है। शारीरिक और मानसिक विकास पूर्ण नहीं हो पता है। इस पर कड़ाई से रोक जरूरी है।

*(लेखिका कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन सहायक निदेशक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# परखें अपनी संकल्प शक्ति को




संकलित

## दर्शन

संसार की सारी सफलताओं का मूल मंत्र है संकल्प शक्ति। इसी के बल पर विद्या, संपत्ति, साधनों का उपार्जन और सिद्धि की प्राप्ति होती है। यही वह आधार है, जिस पर आध्यात्मिक तपस्याएं और साधना निर्भर रहती है। यही वह संबल है, जिसे पाकर संसार में खाली हाथ आया मनुष्य वैभव सम्पन्न, ऐश्वर्यवान और विभिन्न सिद्धि प्राप्त कर दुनिया को चकित कर देता है। जीवन में उन्नति और सफलता की आकांक्षा करने से पहले अपनी संकल्प शक्ति को प्रबल तथा प्रखर बना लेने वालों को न कभी असफल होना पड़ता है और न ही निराश। हिंदू शास्त्रों में कहा गया है संकल्प मूलः कामः अर्थात कामना पूर्ति का मूल संकल्प को बताया है। प्रतिज्ञा, नियमाचरण तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भी वृहत्तर शक्ति संकल्प की होती है। जिन विचारों-संकल्पों से मनोभूमि में स्थायी प्रभाव पड़ता है और जिनसे अंतःकरण में अमिट छाप पड़ती है, वे पुनरावृत्ति के कारण स्वभाव के अंग बन जाते हैं। ऐसे विचारों का अपना एक विशेष महत्त्व होता है। इन विचारों को क्रमबद्ध रीति से सजाने की क्रिया जिन्हें ज्ञात होती है, वे अपना भाग्य, दृष्टिकोण और वातावरण परिवर्तित कर सकते हैं और इस परिवर्तन के फलस्वरूप जीवन में कोई विशेष स्थिति या सिद्धि को प्राप्त कर सकते हैं। संकल्प का दूसरा रूप है आत्मविश्वास, साहस। यह जाग्रत व सुदृढ़ हो जाए, तो अपना विकास तेजी से पूरा करते हुए इच्छित सफलता या सिद्धि को प्राप्त कर सकेंगे।

# ताकत का उपयोग दूसरों की मदद के लिए करें




संकलित

## प्रेरणा

त्रेतायुग में श्रीराम ने रावण का वध कर दिया था, अयोध्या लौट कर रामराज्य की स्थापना की। त्रेतायुग के बाद हनुमान जी का जिक्र द्वापर युग में आया है। महाभारत के समय हनुमान जी हिमालय के गंधमादन पर्वत पर रह रहे थे। उस समय पांडव द्रौपदी के साथ इसी क्षेत्र में वनवास काट रहे थे। एक दिन द्रौपदी ने भीम से एक सुंगधित फूल मांगा, जो की गंधमादन पर्वत पर था। द्रौपदी की इच्छा पूरी करने के लिए भीम गंधमादन पर्वत की ओर चल दिए। रास्ते में उन्हें एक बूढ़ा वानर दिखाई दिया। भीम को अपनी ताकत पर बहुत घमंड था। घमंड भरी आवाज ने भीम ने उस वानर से कहा कि रास्ते में से अपनी पूंछ हटाओ। वह बूढ़ा वानर कोई और नहीं, बल्कि हनुमान जी ही थे। हनुमान जी समझ गए कि भीम को अपनी ताकत पर घमंड हो गया है। उन्होंने कहा कि तूम ही मेरी पूंछ हटा दो। वानर की बात सुनकर भीम पूंछ हटाने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। बूढ़े वानर ने यानी हनुमान जी ने भीम को अपनी पूंछ में लपेटा और गिरा दिया। वानर की ताकत देखकर भीम ने विनम्र होकर पूछा कि कृपया बताइए आप कौन हैं? हनुमान जी अपने वास्तविक स्वरूप में आ गए। हनुमान जी को देखकर भीम ने पूछा कि आप मुझे पहले ही अपनी वास्तविकता बता देते, मेरी पिटाई क्यों की? हनुमान जी ने कहा कि भीम मैंने तुम्हारी नहीं, बल्कि तुम्हारे घमंड की पिटाई की है। घमंड व्यक्ति की विनम्रता को दूर कर देता है। घमंड की वजह से व्यक्ति जीवन में जीत नहीं मिल पाती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता जरूरी

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना और लोगों की इसके प्रति रुचि बढ़ाना भी है। भारत ने भी विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की की है, लेकिन अगर सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं तो हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दे। भारत में विज्ञान के अनमोल हीरे हैं, लेकिन उन्हें तरसने के लिए सरकार का ढुलमुल रवैया है। बहुत से भारतीय मूल के वैज्ञानिक दूसरे देशों में जाकर अद्भुत कारनामे कर रहे हैं। अगर भारत में सरकार विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता दिखाए तो भारत टैक्नोलाजी और विज्ञान के क्षेत्र में भी नंबर वन बन जाएगा।

*– देवेंद्र पटनायक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# चीन के रूस को मदद करने के संकेत मिले : पेंटागन



अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि इस बात के संकेत मिले हैं कि चीन, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद करने पर विचार कर रहा है जो विनाशकारी हो सकता है। पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ऐसे संकेत मिले हैं कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। मेरे पास इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी या कोई खुफिया जानकारी नहीं है, सिवाय इस तथ्य के कि उन्होंने इस विचार (रूस की मदद) को त्यागा नहीं है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह एक गलत फैसला होगा।' उन्होंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर पेंटागन करीबी नजर बनाए है। राइडर ने कहा, 'हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अगर वे ऐसा करते हैं तो इसके क्या परिणाम होंगे। यह इस संघर्ष को अनावश्यक रूप से बढ़ाएगा, इसके परिणामस्वरूप अधिक निर्दोष लोगों की जान जाएगी क्योंकि रूस ने यूक्रेन के नागरिकों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा है।' उन्होंने कहा कि अंततः फैसला चीन को करना है, लेकिन सवाल यह है कि क्या एक देश के तौर पर चीन खुद को उन देशों के खेमे में रखना चाहता है।

## ऑफ बीट

# कृत्रिम मिठास से दिल के दौरे व आघात का खतरा बढ़ा



एक शोध में दावा किया गया है कि 'एरिथ्रिटोल' जैसी लोकप्रिय कृत्रिम मिठास के सेवन से दिल के दौरे और आघात का खतरा बढ़ जाता है। शोध में कहा गया है कि ऐसे उत्पादों के दीर्घकालिक प्रभावों का पता लगाने के लिए और सुरक्षा अनुसंधान किए जाने चाहिए। क्लीवलैंड क्लीनिक के शोधकर्ताओं ने अमेरिका और यूरोप में 4,000 से अधिक लोगों पर शोध किया और पाया कि उच्च रक्त 'एरिथ्रिटोल' स्तर वाले लोगों के लिए दिल के दौरे, आघात या जानलेवा घटनाओं के शिकार होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। उन्होंने पूरे रक्त या पृथक प्लेटलेट्स में 'एरिथ्रिटोल' के प्रभावों की भी जांच की। पृथक प्लेटलेट्स कोशिका के टुकड़े होते हैं जो रक्तस्राव को रोकने और रक्त के थक्के बनने में योगदान देते हैं। नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि 'एरिथ्रिटोल' प्लेटलेट्स को सक्रिय करने और थक्का जमाने में मदद करता है। पूर्व-नैदानिक अध्ययनों में 'एरिथ्रिटोल' के कारण थक्का जमने की पुष्टि हुई है। दुनिया भर में हजारों खाद्य और पेय पदार्थों में कृत्रिम मिठास मौजूद होती है। हालांकि इनके इस्तेमाल को लेकर विवाद रहा है।

## ट्रेंड

### शिक्षा परिवर्तन की कुंजी



शिक्षा परिवर्तन की कुंजी है, इसलिए शिक्षा पोर्टफोलियो हमारी गतिशील साझेदारी का स्वाभाविक 'मदर पोर्टफोलियो' है। भारत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### कानूनों की भाषा में समझौता



बेलफास्ट में विंडसर फ्रेमवर्क पर व्यवसायों से बात करना बहुत अच्छा है। यह समझौता कानूनों और संधियों की भाषा में लिखा गया है। लेकिन वास्तव में, यह उससे कहीं अधिक है। यह उत्तरी आयरलैंड में स्थिरता के बारे में है। यह वास्तविक लोगों और वास्तविक व्यवसायों के बारे में है।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### फिर बढ़ाए गैस के दाम



भाजपा सरकार ने होली के ठीक पहले सिलेंडर के दाम फिर बढ़ा दिए। 2014 से सरकार ने सिलेंडर के दाम 275% तक बढ़ाए हैं। कांग्रेस सरकार में सिलेंडर 400 रु. का था, राजस्थान की कांग्रेस सरकार 500 रु. में सिलेंडर दे रही है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### वृद्धावस्था अनिवार्य सत्य



वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है, इसलिए भारत जैसे आध्यात्मिक विचार संपन्न राष्ट्र में माता पिता और वृद्धजनों को वृद्धाश्रम में भेजना दु:खद, दुभाग्यपूर्ण और नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। वृद्धजनों, की सेवा हेतु आगे आएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

संपादकीय

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### जयपुर में 19 मार्च को ब्राह्मण महापंचायत को लेकर बैठक आयोजित व पोस्टर विमोचन किया गया



**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** जयपुर में आगामी 19 मार्च को ब्राह्मण महापंचायत को लेकर अति आवश्यक मीटिंग का जय अंबे कल्याण मंदिर में आयोजित हुई ! विप्रो सेना के तत्वाधान में 19 मार्च 2023 को जयपुर में ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन को लेकर गुलाबपुरा ब्राह्मण समाज ने अति आवश्यक मीटिंग व विप्रो सेना ब्राह्मण महापंचायत के पोस्टर का विमोचन भी किया गया ! मधुसूदन पारीक ने बताया कि बैठक में क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को ले जाने की तैयारी संबधी चर्चा की गई व 19 मार्च को प्रातः 6:00 बजे परशुराम सर्किल से बसों द्वारा जयपुर के लिए रवाना होंगे, हुरडा तहसील के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के समस्त ब्राह्मणों बन्धुओं को सूचित भी किया जाएगा ! इस दौरान मधुसूदन पारीक, विकास आचार्य,गोपाल तिवाड़ी, हरीश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुनील जोशी, विनोद त्रिपाठी, अमित आत्रेय, अनुज शर्मा, कमल शर्मा, विकास पारीक सहित मौजूद थे।

### श्री नामदेव टांक समाज के सर्वसम्मति से छापरवाल बने अध्यक्ष



गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज गुलाबपुरा समाज के श्री देवनारायण मंदिर पर हुए चुनाव में सर्वसम्मति से महावीर छापरवाल को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया ! इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष इन्द्र चंद टेलर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया ! इस दौरान समाज के चन्द्र प्रकाश टेलर, राजेंद्र टेलर, कन्हैया लाल टेलर, सुमित टेलर सहित समाज बंधु मौजूद थे ! नवनिर्वाचित अध्यक्ष महावीर छापरवाल ने समाज में निष्ठा पूर्वक कार्य करने संकल्प लिया।

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता रहे जबरकिया टीम



गरीबो का सितारा

**आसींद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा जिला युवा अधिकारी सुमित यादव के निदेर्शानुसार रामनगर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को आयोजित किया गया नेहरू युवा संस्थान अध्यक्ष मनफूल चौधरी ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता नेहरु युवा मंडल जबरकिया टीम रही जिसमें कप्तान भेरू लाल गुर्जर, अंकित जाट,पुरण जाट, दिलखुश जाट, गोपाल लाल जाट, सुरेंद्र जाट, शांतिलाल, रामलाल जाट, ने अच्छा प्रदर्शन किया उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इस मौके पर कई युवा मौजूद रहे।

### लापता युवक का मिला शव दो वर्ष पहले हुआ था विवाह

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के नंगली जागीर में रविवार को सूखे जोहड़ के पास युवक का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



सूचना पर थानाधिकारी सुणिलाल मीणा सहित पुलिस जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचा। जानकारी देते हुए बताया कि विक्रम बंजारा अपने घर से शनिवार 3 बजे मोटरसाइकिल लेकर निकला था जो नंगली के पास सूखे जोहड़ में उनका शव मिला। जिसका गर्दन से ऊपर का हिस्सा जानवरों ने काट लिया। जिनका कंकाल के रूप में बचा हुआ है। मृतक विक्रम विवाहित है। जिसकी 2 वर्ष पहले शादी हुई थी। पत्नी पीहर गई हुई थी। परिजनों का कहना है कि मृतक विक्रम किसी प्रकार का कोई नशा नहीं करता था। वह पशु खरीदने व सब्जी बेचने का काम करता था। पुलिस इस विषय में गहनता से जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### डॉ सुशीला झाझडा का एमडी के लिए हुआ चयन

गरीबों का सितारा




**दांतारामगढ़ (विनोद धायल)।** ग्राम पंचायत डांसरोली की बहू डॉ सुशीला झाझडा का होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जयपुर में एमडी (ऑर्गनन ऑफ मेडिसिन) के लिए चयन हुआ है। डॉ सुशीला झाझडा ने बताया 15 अक्टूबर 2022 को ऑल इंडिया होम्योपैथिक चिकित्सा (एआईएपीजीईटी 2022) में एमडी के लिए परीक्षा दी थी जिसका 12फरवरी को परिणाम घोषित हुआ ! जिसमें ऑल इंडिया 1818 रैंक व राजस्थान में एमडी के लिए 5वी रैंक हासिल की ! उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों सहित समाजजनों ने बधाई दी है।

सेवा सदन की साधारण सभा की पंचम बैठक सम्पन्न

# अयोध्या के साथ साथ नासिक एवं जगन्नाथ पुरी में भी भवन निर्माण करवाने का लिया निर्णय

## तृतीय संतान के जन्म पर सेवा-सदन द्वारा मातृशक्ति को किया जायेगा सम्मानित

गरीबो का सितारा





**कुचामनसिटी।** अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा की अध्यक्षता में मुख्यालय-पुष्कर में सम्पन्न हुई जिसमें सुदूर प्रदेशों सहित राजस्थान के लगभग सभी जिलों से सैंकड़ों समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही साधारण सभा के प्रारम्भ में गत साधारण सभा की कार्यवाही रिपोर्ट पारित होने के पश्चात अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा ने सभी मंचासीन अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए सेवा-सदन के सभी प्रकल्पों पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज की जनसंख्या में अभिवृद्धि होना अति आवश्यक है। इसके लिये सेवा-सदन द्वारा तृतीय कन्या के जन्म पर 50,000/- रुपये की एफडीआर प्रदान कर मातृशक्ति का सम्मान किये जाने की योजना को विस्तारित करके तृतीय संतान के जन्म पर यह प्रोत्साहन दिये जाने का प्रस्ताव सदन के सम्मुख रखा, जिस पर सभी उपस्थितजन ने करतल-ध्वनि से प्रस्ताव का समर्थन किया। तृतीय सन्तान के जन्म पर मातृशक्ति का सम्मान किये जाने के निर्णय पर गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के श्याम सुन्दर मंत्री, गोपीकिशन बंग, सत्यनारायण भण्डारी, कैलाश मून्दड़ा, कमल किशोर मालपानी सहित शिष्टमंडल ने अध्यक्ष एवं भामशाहों को संस्था का साहित्य भेंट कर सम्मान किया अध्यक्ष ने नवीन अयोध्या प्रकल्प सहित नाशिक एवं जगन्नाथपुरी में शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने का आश्वासन प्रदान करते हुए अयोध्या प्रकल्प हेतु भूमि सहयोगदाता राधाकिशन दामाणी (डी-मार्ट), बजरंगलाल तापड़िया (सुप्रीम इण्डस्ट्रीज), बंशीलाल राठी चैन्नई, रामावतार जाजू इन्दौर, भंवरलाल सोनी जोधपुर सहित जिन-जिन भामाशाहों ने निर्माण-सहयोग हेतु आश्वासन प्रदान किये है, उन सभी भामाशाहों के नाम का उल्लेख करते हुए साधुवाद प्रकट किया। साधारण सभा की विषय सूची अनुसार उपस्थित बन्धुओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 का अंकेक्षित लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया ने अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया साथ ही आगामी वित्तीय वर्श 2023-24 हेतु अनुमानित बजट भी पेश किया। जिस पर उपस्थितजन ने करतल-ध्वनि से अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया एवं अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल ने बैठक की विषय सूची अनुरूप संचालन किया एवं उपस्थितजनों के सुझावों के अनुरूप समाज एवं सेवा-सदन हितार्थ निर्णय लिये गये साधारण सभा में सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमारजी भूतड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल, कोशाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया, उपाध्यक्ष प्रहलाद शाह, जयकिशन बल्दुवा, विजयशंकर मूंदड़ा, मंत्री सोहनलाल मूंदड़ा, श्रीभगवान बंग, संजयकुमार जैथलिया, किशनगोपाल बंग, प्रचार मंत्री भागीरथ भूतड़ा, कार्यालय मंत्री मधुसुदन मालू सहित मार्गदर्शक रामकुवार मानधना मुम्बई, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या, निवर्तमान अध्यक्ष जुगलकिशोर बिड़ला चित्तौड़गढ़, माणकचन्द माहेश्वरी कटक, नन्दकिशोर माहेश्वरी ढेंकानाल, मदनमोहन राठी कटक, एडवोकेट दास बाबू, राम अवतार जाजू सूरत, मनोज लढ्ढा कोलकाता, रामावतार जाजू इन्दौर, राजेशकृष्ण बिड़ला कोटा, बृजमोहन फोफलिया मुम्बई, राजाराम भांगड़िया सट्टाणा, पुरुषोत्तम कलंत्री नाशिक, श्यामसुन्दर मंत्री कुचामनसिटी, सुनिलकुमार मूंदड़ा, अशोक राठी, अशोक जैथलिया अजमेर, दिलीपकुमार जाजू, रमेशचन्द्र भराड़िया ब्यावर, मध्य राजस्थान प्रदेश सभा के अध्यक्ष गोपीकिशन बंग , संपतराज बिड़ला मेड़तासिटी, कमलकिशोर चाण्डक खींवसर, रामावतार जैथलिया, राजेन्द्र काबरा दिल्ली, सुधीर बाहेती नागपुर सहित विभिन्न प्रदेशों से सैंकड़ों गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही ।

## राजीव गांधी युवा वॉलेंटियर्स की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**कार्यशाला में अतिथि के रूप में प्रोफेसर सी बी यादव, एआईसीसी सदस्य रुक्मणी कुमारी, डॉ. हनुमान बराला ने की शिरकत**

**मास्टर ट्रेनर ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी जालसू सुरज्ञान डिंडेल सहित उपस्थित अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की दी जानकारी**

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक







पहुंचाने,योजनाओं को लेकर आमजन को जागरूक करने व आमजन की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत राज्य में राजीव गांधी युवा कोर का गठन किया गया ' जिसके तहत गोविंदगढ़ ब्लॉक में राजीव गांधी युवा मित्रों का चयन कर स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए राजीव गांधी युवा वॉलेंटियर की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गईं जिसमें युवा महिला व पुरुष वॉलेंटियर्स ने भाग लिया ' इस दो दिवसीय कार्यशाला में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के वॉलेंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया ' दो दिवसीय कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर जालसू के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी डा. सुरज्ञान डिडेल ने योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की ' साथ ही उपस्थित विभाग अधिकारियों द्वारा भी वॉलिंटियर्स को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई ' कार्यशाला में अतिथि के रूप में प्रोफेसर सी बी यादव, एआईसीसी सदस्य रुक्मणी कुमारी, डॉ. हनुमान बराला ने शिरकत की 'जिन्होंने वोलिंटियर्स को संबोधित करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया ' कार्यशाला में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कैलाश यादव, सहायक कृषि अधिकारी गोविंदगढ़ डॉ. हीरा लाल यादव, सांख्यिकी निरीक्षक मालीराम यादव, राजीव गाँधी युवा मित्र राजेन्द्र यादव, अभिषेक मोरदिया, विनोद डागर, कानाराम डागर, सुनील कुमावत, राजेश देवंदा, जितेंद्र सैन सहित उपस्थित रहे।

## टांय टांय फिस रहा धरना विधायक हुए नदारद मृतक के पिता स्वेच्छा से लाश ले जाने हुए राजी



गरीबों का सितारा

**जहाजपुर।** आजाद नेब शुक्रवार को ट्रैक्टर की टक्कर से हुई युवक की मौत के बाद विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर दो दिन से दिया धरना टांय टांय फिस रहा। थानाधिकारी दुलीचंद गुर्जर द्वारा आज सुबह मृतक के पिता मगनाराम एवं रिश्तेदारों से समझाई की जिसके परिणाम स्वरूप मृतक के पिता ने स्वेच्छा से मृतक की लाश ले जाने को राजी हो गए। चावंडिया चौराहे पर ही पुलिस उपाधीक्षक हंसराज बैरवा एवं थानाधिकारी दुलीचंद गुर्जर की मौजूदगी में लाश सुपुर्दगी पर हस्ताक्षर किए ओर मोर्चरी में रखी हुई मृतक की लाश को जलाने के लिए गांव ले गए। मृतक की लाश जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है। विधायक गोपीचंद मीणा धरना स्थल पर सुबह से ही नदारद दिखे। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि गुढ़ा पंचायत के रामपुरा (घाटारानी) निवासी कन्हैया लाल मीणा पिता मगन राम मीणा उम्र 27 वर्ष शुक्रवार को जहाजपुर से घर जा रहा था तभी रावत खेड़ा के पास बजरी लीज से बजरी भर कर आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर होने पर युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।



घटना की जानकारी मिलते ही विधायक गोपीचंद मीणा भी अस्पताल पहुंचे पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव लेने से परिजनों ने इनकार करते हुए विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में बजरी लीज धारक से मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने मांग की। समझाइश के लिए तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान थानाधिकारी दुली चंद गुर्जर अस्पताल परिसर में पहुंचे थे। लेकिन मुआवजे की मांग को लेकर विधायक गोपीचंद अपने कार्यकताओं सहित चावण्डिया चौराहे पर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे और वहां चौराहे पर समर्थकों के साथ बैठे थे वहां पर हनुमान नगर थानाधिकारी स्वागत पांड्या विधायक से समझाइश करने के लिए गए तभी विधायक गोपीचंद मीणा भड़ग गए इस बीच थानाधिकारी स्वागत पंड्या के बीच तकरार हो गई वहां मौजूद लोग और पुलिस कर्मी आमने सामने हो गए। मामले को बिगड़ता देख थानाधिकारी दुली चंद गुर्जर ने बीच बचाव किया मामला शांत कराया था।

## केसरिया पंचायत के लिए जन संपर्क हुआ तेज



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शहर में पीले चावल देकर 2 अप्रैल को जयपुर में होने वाले प्रोग्राम केसरिया महापंचायत के लिए निमंत्रण दिया और पोस्टर विमोचन का किया और प्रेस वार्ता की इसमें श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार तथा जिला अध्यक्ष जीवन सिंह देवड़ा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह जी एवं अर्जुन सिंह जिला प्रभारी, शंभू सिंह राठौड़ जिला वरिष्ठ संरक्षक उदयपुर, क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी पधारे। सुखदेव सिंह गोगामेडी ने कहा कि एकता के बिना इस दुनिया में जीवन का अस्तित्व संभव नहीं है। एकता किसी भी टीम के लिए सफलता की कुंजी है। यदि हमें अन्य लोगों के साथ काम करना है तो उनके साथ सहयोग करना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हर व्यक्ति की अलग-अलग सोच है और प्रत्येक स्थिति के प्रति एक उनका अलग दृष्टिकोण है। भारत एक विविधता वाला देश है। यहाँ अनेक धर्म व जातियों के लोग मिलकर रहते है। एकता मोतियों की माला के धागे के समान होती है, जो सभी मोतियों को एक साथ जोड़कर रखती है और इससे वह एक सुंदर माला बनती है।

## ओमप्रकाश त्रिपाठी बने विप्र समाज बिजयनगर के अध्यक्ष

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती विजयनगर में रविवार को विप्र समाज भवन में विप्र समाज बिजयनगर के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का आयोजन किया गया चुनाव में उपस्थित सदस्यों ने ओमप्रकाश त्रिपाठी (सिखवाल) को



सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया त्रिपाठी के अध्यक्ष बनते ही उपस्थित बन्धुओं ने फूल मालाओं के साथ साफा बन्धवाकर बधाईयां दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी को साथ लेकर चलने एवं समाज के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहराई चुनाव प्रक्रिया के दौरान सिखवाल ब्राह्मण समाज से शिवदयाल पाण्डया, गोविन्द नारायण शर्मा (वकील), बालमुकुंद जोशी, माधव प्रसाद जोशी, राजेन्द्र पुरोहित, अरुण जोशी सारस्वत ब्राह्मण समाज से सुरेश कुमार सारस्वत पारीक समाज से श्याम लाल पारीक, सत्यनारायण पुरोहित, विनोद त्रिपाठी पाराशर समाज से कैलाश पाराशर खाण्डल विप्र समाज से राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा शाकद्वीपीय समाज से महेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, बाबूलाल शर्मा दाधीच ब्राह्मण समाज से ओमप्रकाश शर्मा गौड़ सनाढ्य समाज से देवेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, नेमीचंद शर्मा, भगवान शर्मा गुर्जरगौड़ समाज से विमल शर्मा, अशोक शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, रामगोपाल जोशी कान्यकुब्ज समाज से राजेश तिवारी सहित ब्राह्मण समाज के सैकड़ों बन्धु उपस्थित थे।

## आचार्यश्री ने 'ढोला-मारू' पुस्तक का किया विमोचन

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ शाहपुरा।** अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ के फूलडोल महोत्सव' की धर्मसभा के पांचवें दिन 'साहित्य सृजन कला संगम' के सचिव एवं सुप्रसिद्ध कवि, लेखक एवं गीतकार डॉ. कैलाश मण्डेला की राजस्थान साहित्य अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'ढोला-मारू' का विमोचन पीठाधीश आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज द्वारा किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन राजस्थान प्रकाशन जयपुर द्वारा किया गया है। हिन्दी साहित्य की अमूल्य धरोहर 'ढोला-मारू' का डींगल भाषा से यह हिन्दी दोहानुवाद बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। लगभग 674 दोहों का यह स्तरीय अनुवाद हिन्दी साहित्य जगत के लिए अनुपम है। इस अवसर पर शाहपुरा उपखंड अधिकारी श्री पुनीत गेलड़ा, तहसीलदार श्री राम कुमार जांगिड़ सहित सैंकड़ों गण्यमान्य नागरिक सभा में उपस्थित थे। कवि मण्डेला द्वारा इससे पूर्व भी अमर नीति ग्रंथ 'कुरल काव्य' का 1080 दोहों में राजस्थानी भाषा में किया गया अनुवाद भारत सरकार द्वारा स्थापित केन्द्रीय साहित्य अकादमी दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया, जिस पर ताम्रपत्र सहित अनुवाद का राष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें मिल चुका है। केंद्रीय साहित्य अकादमी से पुरस्कृत होने वाले भीलवाड़ा जिले के वे पहले



साहित्यकार हैं। अनेक पुरस्कार प्राप्त, कई पुस्तकों के रचयिता एवं सम्पादक साहित्यकार मण्डेला का विविध विधाओं में समृद्ध लेखन अनुसंधान का विषय है। एक हजार से भी अधिक कवि सम्मेलनों में देश-विदेश में विविध रसों में कविता पाठ कर चुके श्री मण्डेला ने फूलडोल महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर अपने काव्यपाठ से देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज ने कवि कैलाश मण्डेला की गौरवमय लेखन परंपरा को रेखांकित करते हुए कहा कि शाहपुरा के नाम को पूरे देश और दुनिया में फैलाने में इनका अभूतपूर्व योगदान है। ढोला मारू कृति से हिन्दी साहित्यिक जगत लाभान्वित होगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच में नारी शक्ति शिरोमणी प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया

## अलवर की रैणी तहसील की ग्राम पंचायत-पाटन सरपंच सरोज मीना को दिल्ली में आयोजित हुआ कार्यक्रम





गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन सरपंच सरोज मीना को 12 मार्च 2023 रविवार को दिल्ली मे आयोजित हुए अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच मे नारी शक्ति सिरोमणी प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच के सांस्कृतिक सचिव योगेश कुमार शर्मा ने बताया है कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच इन्डो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान मे अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन और नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड नई दिल्ली स्थित कृष्णन मेनन भवन मे 12 मार्च 2023 को दिया गया। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र मे , चिकित्सा क्षेत्र , न्याय , समाज सेवा , प्रशासनिक , राजनीतिक क्षेत्र की चयनित व मनोनीत 150 महिलाओ को यह सम्मान दिया गया जिनमे रैणी क्षेत्र की पाटन सरपंच सरोज मीना को भी। अभिनन्दन पत्र , स्मृति चिन्ह और मेडल गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहायक डायरेक्टर डाक्टर मोहन चन्द्रा व कनाडा एंबेसी की प्रतिनिधी इस्टेल श्रेयक्स, मिसेज इण्डिया से सम्मानित डेजी राज्यपाल , जगद्गुरू रामानंदआचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति अनुला मोर्या के द्वारा दिया गया। अन्तर्राष्ट्रीय समसरता मंच महावीर प्रसाद टोरडी ने बताया कि महिलाओ के सशक्तिकरण के साथ साथ महिलाओ का आर्थिक , समाजिक और मानसिक रूप से विकास होना भी बहुत जरूरी है और हम सभी को मिलकर यह आत्मविश्वास जगाना होगा महिलाऐ भी किसी भी तरह से किसी भी क्षेत्र मे किसी से भी कम नही है तथा महिलाऐ अपने घर मे माता के रूप मे , बहिन के रूप मे , पत्नी के रूप मे एक शक्ति प्रेरणा के उदाहरण है। सरपंच सरोज मीना की एक अलग पहचान है क्योकि यह अपनी संस्कृति और सभ्यता को हमेशा संजोए रखती है व महिलाओ के उत्थान के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है इसलिए सरपंच सरोज मीना को यह सम्मान मिलना अलवर जिले के लिए और रैणी क्षेत्र के लिए एक बडे गौरव और गर्व की बात भी है। सरपंच सरोज मीना वर्तमान मे अलवर सरपंच संघ की जिला सचिव है तथा रैणी पंचायत समिति से सरपंच संघ की उपाध्यक्ष है व राजस्थान मीणा आदिवासी महासभा की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भी है और ये राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की महिला प्रकोष्ठ से अलवर जिलाध्यक्ष भी है। स्वघोषित विक्रय व्यय योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय समरसता मंच की 7300 दिवसीय कार्ययोजना इन्डो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा के अन्तर्गत भारत नेपाल वैदिक कालिन संस्कृति का पुनरूत्थान हो व भारत पुनः विश्व गुरू बन सके। भारत को सुरक्षा परिषद मे वीटो का पावर दिलवाने व सुरक्षा परिषद मे स्थायी सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्टो का नैतिक समर्थन की आशा मे प्रेरित अभियान को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। मिडिया को यह सारी जानकारी पाटन सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

**सरपंच सरोज मीना ने रैणी क्षेत्र का नाम रोशन किया विदेशों में भी**

# बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान नारीत्व का में 33 महिलाएं सम्मानित

गरीबों का सितारा





**जयपुर ।** श्री बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान नारीत्व का में 33 महिलाएं सम्मानित की गई आयोजक रितु उमेश अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य संरक्षक श्री बालमुकुंद आचार्य हाथोज धाम एवं डॉ शोभा तोमर द्वारा की गई साथ ही संरक्षक मीनाक्षी गुप्ता एवं संयोजक रजनी दिनेश माथुर, रेखा गोयल ,श्वेता अग्रवाल, सांवरमल जांगिड़ ,बसंत जैन बैराठी, एन.के.गुप्ता,घनश्याम मुलानी मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि में मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी,डॉ सुधा गुप्ता , राहुल शर्मा ,राज शर्मा, डॉक्टर सुनील दंड ,नीरजा चौधरी खीचर,नम्रता माथुर, एडवोकेट ओ पी गुप्ता जी, शिव सिंह शेखावत ,यश गौड़, सोहनलाल शर्मा ,शनाया शर्मा , यश राजस्थानी ,पप्पू सिंह , टीना सरिया , भवानी सिंह रुंडल रहे। अपने क्षेत्र में सफलता पूर्वक कार्य के लिए सम्मानित किया गया अनीता शेखावत ,अन्ना अशोक, दीप कंवर ,डॉक्टर पूनम पटेल, डॉक्टर गोरी डींगरा , डॉ ज्योति, ज्योति प्रजापत ,ज्योति आसरमया, ज्योति बागवानी ,जया मनराल ,कोमल चौहान, खुशबू निरवान ,खुशबू शर्मा, मंजू साबू ,ममता कंवर, मीनाक्षी राजपुरोहित, निकिता गुप्ता ,नीलू कांवरिया ,सुनीता अग्रवाल ,पूनम मोदी ,रितु रानी शर्मा ,रजनी कोठारी, साधना सेठी ,सुनीता धोबी, स्वामी सेठ गुप्ता ,सीमा मोहता ,शकुंतला टेलर ,स्वगृही माओ शेखर,सजना सिंह ,शगुफ्ता खान, स्वाति सेठ गुप्ता ,उगंता चौधरी , विनीता जैन को और एंकरिंग सुरभि द्वारा की गयी। नये सदस्य सीमा शर्मा , रंजना माथुर , नम्रता माथुर, राहुल मोठडिया एवं अन्य का स्वागत किया गया।

# बूचपुरी मे चावण्ड माता के मंदिर पर विशाल सुडड् दंगल व भण्डारे का आयोजन हुआ



**कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी के तौर पर स्थानीय विधायक तथा विशिष्ट अतिथि स्थानीय रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल**



गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गाँव बुचपुरी में रविवार को चावण्ड माता के स्थान पर विशाल भण्डारे व सुडड् दंगल का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक जौहरी लाल मीना रहे व विशिष्ट अतिथि रैणी प्रधान मीरा मांगे लाल मीना रहे और मण्डल सदस्य अन्जु देवी व मण्डल सदस्य रामजीलाल मीना रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच रामसिंह मीना रहे एवं मंच संचालन रामकिशन मीना सरपंच फिरोजपुर के द्वारा किया गया। सभी आये अतिथियो का स्थानीय सरपंच व गांव के पंच पटेलो द्वारा फूल मालाओ से व साफा पहनाकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इसमे दगंल पार्टी ( डेडांन ) भिखाराम , किसन सहाय ( सिकराय ) खुशीराम ( मण्डावरा ) गंगापुर की रही। इन सभी गायक कलाकारो ने भक्ति भाव पौराणिक कथाओं का गुनगान मधुर मधुर आवाज मे किया जिसने श्रोताओ का मन मोह लिया। इस मौके पर सभी गाँव वासियों का भी बहुत ही अच्छा सहयोग रहा। इस दौरान हजारो की संख्या मे महिलाओ पुरूष व बच्चो ने दर्शक व श्रोताओ के रूप मे उपस्थिति दी।यह सारी जानकारी मिडिया को स्थानीय सरपंच रामसिंह मीना के द्वारा दी गई है।

# भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन मे विस्तार करते हुए अलवर जिले मे दो पदाधिकारी और एक संगठन सदस्य बनाया

**शिवलाल बैरवा(फौजी) को राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया है तथा कल्लु राम जोगी को रैणी तहसील महासचिव तथा अनिल कुमार शर्मा को संगठन सदस्य बनाया है**

**ये सभी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश पर दी गई है**

गरीबों का सितारा







**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय व लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर शिवलाल बैरवा ( फौजी ) टहटड़ा को नियुक्ति दी है व रैणी तहसील महासचिव के पद पर कल्लु राम जोगी चीमापुरा को नियुक्ति दी है और अनिल कुमार शर्मा रैणी को संगठन सदस्य बनाया है ये सभी नियुक्तिया अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। इसी विस्तार की कडि मे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव द्वारा भी अलवर की रैणी तहसील से भी लगातार संगठन सदस्य बनाये जा रहे है राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

# चार दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला 13 मार्च से, हर जिले से प्रतिभागी होंगे शामिल

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** नवनियुक्त होने वाले ग्राम विकास अधिकारी बैच 2021 के आधारभूत प्रशिक्षण के लिए पंचायती राज विभाग की ओर से हर जिले में प्रशिक्षक तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में चार दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सोमवार को प्रातः 9 बजे इंदिरा गांधी पंचायती राज एवम ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर में प्रारम्भ होगी। उदघाटन सत्र को विभाग के शासन सचिव श्री नवीन जैन एवम आई जी पी आर एस के अतिरिक्त निदेशक श्री कैलाश शर्मा संबोधित करेंगे। चार दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न सत्र के दौरान प्रतिभागी मास्टर ट्रेनर्स को राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, प्रावधानों, ग्रामीण विकास एवम पंचायती राज की विभिन्न योजनाओं, अन्य विभागों से समन्वय, राज्य की फ्लैगशिप योजनाएं एवम ग्रामीण विकास अधिकारियों की भूमिका, वित्तीय, लेखा, सेवा नियम, दण्ड प्रक्रिया, रजिस्ट्रेशन, आर टी आई, वन अधिकार, विभाग से संबंधित विभिन्न पोर्टल एवम निर्माण कार्यों के विविध पक्षों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## राठौड़ की पहल पर 48 घंटे के अंतराल में नियमित पेयजल सप्लाई की पुख्ता व्यवस्था

**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र राठौड़ की पहल पर राजस्थान सरकार ने अजमेर शहर में 48 घंटे के अंतराल में नियमित पेयजल सप्लाई की व्यवस्था करने हेतु 246.23 लाख रुपये की लागत से 13 ट्यूबेल खोदने की स्वीकृति प्रदान की है।

# मिलेगा पढ़ाई लाभ : ग्लोबल स्टडी प्वाइंट का भव्य शुभारंभ

## समाजसेवी आशुसिंह सुरपुरा ने फीता काटकर किया शुभारंभ






गरीबों का सितारा

**निवारू।** झोटवाड़ा क्षेत्र में निरंतर 15 वर्षों निसंदेह क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान ग्लोबल स्टडी प्वाइंट का रविवार 12 मार्च को नए भवन में भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनसेवक झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र आशुसिंह सुरपुरा रहे। आशु सिंह सुरपुरा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोचिंग एक ऐसी जगह है जहां हम अपने भविष्य को संवार सकते हैं इसीलिए सभी विद्यार्थियों को कड़ी लगन व मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए तभी जाकर मंजिल आसानी से मिल पाएगी। और कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसेवक मोती चोपड़ा ने की। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि तेजपाल कुलरिया रहे। इस अवसर पर संस्था द्वारा संचालित किए जाने वाली नए कोर्स एनडीए के प्रबंधक अविनाश ने सेना में जाने की इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एनडीए के विषय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था निदेशक मनदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि संस्था निरंतर 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है और इसी क्रम में अब संस्था एनडीए के कोर्स भी प्रारंभ करने जा रही हैं।



# प्रतिभाओं के सम्मान से दूसरे प्रतिभागियों को मिलती है प्रेरणा: यादव

गरीबों का सितारा



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** राजकीय सेवाओं में ग्राम जैतपुरा व अनंतपुरा की नवचयनित प्रतिभाओं अजय चौधरी( रेल्वे ग्रुप सी ),दिनेश चौधरी( रेल्वे ग्रुप सी ), रोशन शर्मा (रेल्वे ग्रुप सी), विकास चौधरी ( कंप्यूटर अनुदेशक ) ,एवं राजेश निठारवाल (बैंक क्लर्क) का भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने सम्मान किया ' इस अवसर पर यादव में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए कहा की आपके चयन से गाँव के अन्य प्रतिभागी युवाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। आप जैसी प्रतिभाओं के चयन से गांव व समाज का नाम रोशन होता है ' आप जैसी प्रतिभाओं के सम्मान से दूसरे प्रतिभागियों को प्रेरणा मिलती है ' इस अवसर पर चयनित युवाओं का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया ' साथ ही मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ' इस अवसर पर जैतपुरा उपसरपंच बाबूलाल झाँझड़ा , सूरज्ञान माणीगर, रमेश झाँझड़ा, मोहन माणीगर ,वाशुदेव पंचोली, राजेश घोशल्या,सुंडाराम घोसल्या,नानछी लाल शर्मा , मुरारी लाल शर्मा ,राहुल शर्मा, राम सैनी,आशीष चाँदोलिया,साधुराम पंचोली ,ननछू राम निठारवाल,हरफूल निठारवाल , चोथुराम निठारवाल, बाबूलाल पंचोली, मदन कोठोत्या,बाबूलाल , रामबाबु शर्मा सुनिल चौधरी ,लोकेश ,रमेश घोशल्या, राकेश घोशल्या , महेश पंचोली ,प्रतिभाओं के परिजन एवं गाव के वरिष्ठजन उपस्थित उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार द्वारा विकास को गति देने एवं सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक बजट पेश किया : टीकाराम जूली

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकास को गति देने एवं सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक बजट पेश किया जो पूरे देश में नजीर बना है। मंत्री जूली







आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रा के उमरैण ब्लॉक में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के नवनिखमत भवन, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय उमरैण को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, उमरैण पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत होने पर, ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के लोकार्पण तथा अलवर-शाहपुरा माचडी की ओर सडक एवं उमरैण में खेल स्टेडियम निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए समखपत भाव से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हित में ऐतिहासिक बजट पेश किया गया जिसका लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्रा में विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए है जिससे विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन के हित में फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की गई है जिनके माध्यम से पात्रा लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरैण में एक कमरे तथा बाढ केसरपुर डूंगरी वाली सडक बनवाने की घोषणा भी की। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री जूली व उनकी पत्नी गीता जूली का चांदी का मुकुट, साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी सबल प्रतापसिंह, सीबीईओ मधु भांगव, विकास अधिकारी राजेन्द्र चौधरी, सिद्धार्थ व्यास, उपप्रधान महेश सैनी, संजीव बारेठ, ब्लॉक अध्यक्ष जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना, लम्बू बञ्सला, सुरज्ञानी मीना, ओमप्रकाश गोलिया, अम्मू खान, भावेन्द्र पटेल, विलायती, अलाउदीन खान, साजिद खान, जगदीश, निहाल सिंह, अनिल सैनी, सर्वेश सैनी, रामसिंह गुंजर, पूरण जैतपुरिया, जगजीवन राम, बलबीर सिंह, सैकुल सिंघल, नितिन धाकड, वकील खान सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ब्राह्मण महापंचायत : विशेष बैठक हुई आयोजित

# 19 को विधाधर नगर कूच करेगा ब्राह्मण समाज

## लालचंद के सियाराम मैरिज गार्डन में आयोजित हुई मीटिंग, समाज के कई पदाधिकारीगण रहे मौजूद





### विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने भी करी शिरकत

गरीबों का सितारा

**झोटवाड़ा/निवारू, कन्हैया शर्मा।** विप्र सेना के देखरेख में आगामी 19 मार्च को जयपुर में ब्राह्मण महापंचायत होने वाली है, जिसमें समाज की ओर से इलेक्शन से पहले शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि समाज को सभी दल आने वाले विधानसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व दें सके। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 19 मार्च को आयोजित होने वाली




ब्राह्मण महापंचायत को लेकर विप्र सेना के पदाधिकारी और ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधियों ने महापंचायत को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। महापंचायत को सफल बनाने के लिए जयपुर सहित पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज की विशेष



बैठके आयोजित हो रहीं हैं, इसी क्रम में रविवार सांय 5 बजे लालचंदपुरा के सियाराम मैरिज गार्डन में ब्राह्मण महापंचायत के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मीटिंग में आयोजन कताओं द्वारा अधिक से अधिक भीड़ जुटाने को लेकर पूर्व तैयारी की गई। मीटिंग के आयोजन कताओं ने सभी विप्र बंधुओं से 19 मार्च को अधिक से अधिक का महापंचायत सदस्य बनने की अपील भी करी।

### विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने की मीटिंग संबोधित

इस दौरान मीटिंग में विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने भी शिरकत की। इस मौके पर विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने कहा कि ब्राह्मण महापंचायत में देशभर से करीब 5 लाख ब्राह्मण शामिल होंगे। ब्राह्मण महापंचायत को लेकर तमाम तैयारियां पूरी हो गई है। सभी विप्र संगठनों को एकजुट होकर महापंचायत में सम्मलित होना है। इस दौरान कई पदाधिकारियों द्वारा कहा गया कि महाकुंभ को सफल बनाया जा सके इसके लिए आप सबकी उपस्थिति और भागीदारी अनिवार्य रहेगी। इस दौरान विप्रसेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी के साथ मंच पर गिरिराज जोशी, राजेंद्र कुमार शर्मा, जगदीश नारायण रूथला, दिनेश बागड़ा, जितेंद्र शर्मा, लल्लू लाल शर्मा आदि मौजूद रहे, वहीं विनोद शर्मा हरनाथपुरा, देवेंद्र शर्मा, निशान्त इलेक्ट्रो , मोनू पंडित, लव शर्मा, बंशी लाल शर्मा, मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. राम शर्मा, रामचरण शर्मा, ललित शर्मा आदि कार्यकर्ता के रूप में नजर आएं।

# "खुशहाल-महिला खुशहाल-परिवार" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



महिलाओं को सशक्त बनने की प्रेरणा भी दी गई

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजापार्क की तरफ से कार्यक्रम हुआ आयोजित

### महिला सशक्तिकरण की हुई चर्चा

गरीबों का सितारा

**मुरलीपुरा, राजेंद्र शर्मा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजापार्क जयपुर की ओर से दादी का फाटक गीता पाठशाला पर विकास विद्या आश्रम स्कूल में महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "खुशहाल-महिला खुशहाल-परिवार"। इस आयोजन में राजयोग शिक्षिका बीके पूजा दीदी एवं विश्व प्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा व कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया रेफरी एवं जज अर्चना सिंह भी उपस्थित रहें। इस मौके पर बीके पूजा दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खुशहाल महिला ही खुशहाल परिवार का आधार है और इसके लिए उससे खुद को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है, अपने आंतरिक शक्तियों को जागृत करने की आवश्यकता है और इसका आधार है अध्यात्म अर्थात परमात्मा स्मृति, साथ ही गुलाबो सपेरा ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए महिलाओं को सशक्त बनने की प्रेरणा दी। इसी के साथ अर्चना सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर फाग उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# 16वां पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ सम्पन्न

गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा, अलवर ।** रविवार को पुरुषार्थी भवन लाजपत नगर अलवर में संपन्न हुआ। इसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन बाबा अविनाश नागपाल, पूर्व सभापति अशोक खन्ना, दी अलवर पुरुषार्थी सोसाइटी लि.लाजपत नगर अध्यक्ष के एल अरोड़ा, पुरुषार्थी धर्मशाला अशोका टाकीज अध्यक्ष अशोक भाटिया व जिला अध्यक्ष दीवान चंद सेतिया के द्वारा किया गया। आज भी लगभग 100 नये रजिस्ट्रेशन किए गए। परिचय सम्मेलन में भाटिया मैरिज ब्यूरो जयपुर एवं मियांवाली बिरादरी गुड़गांव की टीम के सदस्यों ने भाग लिया और साथ में इनके पास रजिस्ट्रेशन वाले युवक-युवतियों की लिस्ट भी साथ में लेकर आए जिससे कि परिचय सम्मेलन में और भी आने वाले परिवारों को लाभ मिला। जिलाध्यक्ष अध्यक्ष दीवान चंद सेतिया ने बताया कि अआज तक 390 युवक एवं 170 युवतियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस में अलवर, जयपुर, कोटा,जोधपुर, बीकानेर, हरियाणा एवं दिल्ली से सभी वर्ग के अच्छे पढ़े-लिखे बच्चों ने भाग लिया। बाहर से आने वाले रजिस्ट्रेशन पात्र एवं पेरेंट्स के लिए




रहने एवं खाने की निशुल्क व्यवस्था सोसाइटी द्वारा की गई है । परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले युवकों युवतियों में से लगभग आठ जोड़ें तय होने के लिए फाइनल हैं, आज शाम तक रिजल्ट मिल जाएंगे ।परिचय सम्मेलन में जिला अध्यक्ष दीवान चंद सेतिया, कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी,महासचिव राधा कृष्ण अरोड़ा, वैवाहिक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रमेश गुल्याणी उपाध्यक्ष राधेश्याम आहूजा, संपादक भारत कपूर, सदस्य जी.एल.भाटिया,अशोक तनेजा, प्रवीण बवेजा,धीरज ग्रोवर, राकेश ग्रोवर, प्रमोद गाबा, सुरेंद्र अरोड़ा, संजय अरोड़ा, मदन अरोड़ा सुनील शर्मा, एडवोकेट हरीश तनेजा, प्रवीण बवेजा, देवराज भारती सुरेश नागपाल, सुरेंद्र अरोड़ा, गुलशन खुराना, रजनीश मल्होत्रा, के एल अरोड़ा,निखील खट्टर,डा.अंकुर शर्मा, राजेश खत्री, अमित सचदेवा, संजय चावला, मनीष चुघ, अनुराग जसूजा , सुभाष नकड़ा, कमल सुखीजा देवेंद्र बत्रा , सतीश अरोड़ा बंसी गुल्याणी, महिला अध्यक्ष उमा भाटिया, सचिव सुषमा सेतिया, सीमा अरोड़ा, वीना खट्टर, वंदना झांब, सीमा सचदेवा, नीना आहूजा, ललिता अरोड़ा, अंजू नकड़ा, रमेश मेहता , नीलिमा कालड़ा, पूनम अरोड़ा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# बीकानेर और सिंगी परिवार ने डूंगर कॉलेज में बनवाया रोट्रेक्ट जल मंदिर

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** रोट्रेक्ट क्लब अध्यक्ष गौरव चौधरी एवं सचिव प्रिन्स करनाणी ने बताया कि भामाशाह सींगी परिवार के सौजन्य से एवं रोट्रेक्ट क्लब की प्रेरणा से डूंगर कॉलेज, रोटरी सर्कल के सामने एक जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। भामाशाह परिवार के किसन सींगी ने बताया की उपरोक्त जल मंदिर का निर्माण कार्य सींगी परिवार ने स्वङ्ग सीता देवी चेतन दास सींगी एवं उनकी पुत्रवधु स्व. कृष्णा देवी द्वारकादास सींगी व स्वङ्ग पुष्पा देवी दाऊलाल सींगी की पुण्य स्मृति में करवाया हैं। प्रधानाचार्य जेपी सिंह ने भामाशाह का धन्यवाद करते हुए कहा कि 25000 विद्यार्थियों वाले इस महाविद्यालय में प्याऊ का निर्माण कर सींगी परिवार एवं रोट्रेक्ट क्लब महापुण्य के भागीदार बने हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीआरआर दीपेन्द्र जाड़ोन ने बताया कि वर्षभर कॉलेज परिसर में कॉलेज




के छात्रों के अतिरिक्त कई तरह की सरकारी परीक्षाओं को देने भी अन्य हजारों बच्चे आते रहते हैं, इस हेतु यह जल मंदिर की आवश्यकता दुगनी हो जाती है। प्रकल्प संयोजक सी.ए योगी बागड़ी ने बताया कि उपरोक्त जल मंदिर में वॉटर कूलर एवं आर.ओ फिल्टर प्लांट के साथ अंडर ग्राउंड वॉटर टैंक का निर्माण भामाशाह परिवार द्वारा करवाया गया है। इस दौरान नारायण दास सींगी, श्रीराम सींगी, गिरिराज सींगी, गोरधन सींगी, बल्लभ सींगी, योगेश सींगी, गोपी बल्लभ बागडी, श्याम सुंदर मोहता, भरत मोहता,ललित स्वामी, रोहित पचीसिया, भानु जिंदल, मयंक पुरोहित, काव्य अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। विदित रहे कि रोट्रेक्ट परिवार द्वारा पूर्व में भी शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानो पर आम जन हेतु शीतल पेय जल उपलब्ध करवाने की कड़ी में अनेक जल मंदिर का निर्माण करवा कर उनका सफल संचालन कर रहा हैं एवं अन्य जल मंदिर निर्माण कार्य गतिमान हैं एवं डूंगर महाविद्यालय परिसर में क्लब के प्रयासों से यह दूसरा जल मंदिर निर्माण करवाया गया हैं।

# खरवा चौराहे पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने बताया कि गत 17 फरवरी को खरवा चौराहा पर सुरेश गुर्जर उर्फ सूर्या व उसके साथियों द्वारा भीड में फायरिंग किये जाने के संबंध में परिवादी द्वारा ब्यावर सदर में प्रकरण दर्ज करवाया गया। घटना के कारण ग्रामीणों में काफी रोष और भय था। अभियुक्तगण की तलाश हेतु वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अजमेर व ईश्वरसिंह पुलिस उप अधीक्षक वृत्त मसूदा के निर्देशन में थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा पुलिस निरीक्षक द्वारा टीम गठित की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खरवा चौराहा थाना ब्यावर सदर पर पूर्व मुख्यमंत्री महोदया के स्वागत समारोह से कुछ समय पहले ही आरोपी सुरेश गुर्जर व उसके साथियों ने उपस्थित भीड में से फायर कर लोगों में दहशत फैलाई । इस प्रकरण में फायरिंग में प्रयुक्त देशी पिस्टल मय कारतूस व घटना के समय काम में लिये गये वाहन दो स्कार्पियों कार सहित कुल चार आरोपियों को पूर्व में गिरफतार किया जा चुका है इसी क्रम में थाना ब्यावर सदर की गठित टीम ने घटना के समय फायर करने वाले आरोपी व दो अन्य आरोपियों को रविवार को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

### इस प्रकार टीम द्वारा की गयी कार्यवाही

इस प्रकरण में पूर्व में गिरफतार आरोपियों से पूछताछ पर टीम को काफी महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। सभी आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद पुलिस टीम ने आसपास के ईलाके में अपने मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया। आरोपीगण घटना के बाद से ही अपने-अपने घरों से फरार थे। पुलिस ने आरोपियों के छिपने के सभी ठिकानों, दोस्तों व रिश्तेदारों के घर पर दबिश दी, टीम द्वारा उदयपुर, राजसमंद, भीलवाडा व राज्य से बाहर गुजरात, मध्यप्रदेश में भी आरोपीगण की तलाश की मगर उनका कुछ भी पता नहीं चला। आरोपियों के सहयोगियों से पूछताछ कर तथ्य जुटाये व उनके संबंध में अधिकतम जानकारी प्राप्त की, तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया, अलग अलग स्थानों पर पुलिस टीम ने सादा वस्त्रों में दिन-रात निगरानी कर संदिग्ध ठिकानों को चिन्हित किया इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली की कुछ आरोपी भीलवाडा - अजमेर के जंगलों में सूनसान स्थान पर छिपे हुए हैं इस पर योजनाबद्ध तरीके से जंगल में तलाश कर पुलिस टीम के कुशल सदस्यों ने भागने का प्रयास कर रहे आरोपियों का पीछा किया व पकड़ने में सफलता हासिल की। पकडे गये आरोपियों में देवराज सेन उर्फ देवा सेन शामिल है जिसने खरवा चौराहे पर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी पुलिस थाना सदर पर दर्ज इस प्रकरण में फरार आरोपीगण को गठित टीम ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की जिसमें कानि0 प्रवीन चौधरी व कानि0 अजय चौधरी का विशेष योगदान रहा है आरोपीगण से प्रकरण में पूछताछ जारी है।

# क्रिकेट : जयपुर ने कोटा को हरा कर राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी जीती

राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा 2022-23 में आयोजित सभी प्रतियोगिताएं जयपुर ने जीती

### आसान लक्ष्य को पार कर की जीत हासिल

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को आरसीए एकेडमी ग्राउण्ड पर खेले गये फाईनल मैच में जयपुर ने कोटा को 6 विकेट से हराकर चैम्पियनशिप जीती। कोटा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया लेकिन कोटा के बल्लेबाजी जयपुर के गेंदबाजों के समने रन बनाने में बेबस नजर आये। कोटा की टीम 50 ओवर में 10 विकेट पर मात्र 108 रन ही बना सकी। कोटा के लिए आयुश ने 20 रन, सौर्य ने 11 रन, प्रवीण ने 15 रन आदर्श ने 21 रन रन बनाए जयपुर के लिए आर्यन गुर्जर ने 18 पर 2 रोहन सिंह ने 16 पर 2 अथर्व सिंह ने 14 पर 2 ओसनिक ग्रोवर ने 18 पर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी में जयपुर ने 109 रनों का आसान लक्ष्य 24 ओवर में 4 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। जयपुर के लिए आर्यमन शर्मा ने 21 रन, शिफान खान ने 40 रन नाबाद, ओसनिक ग्रोवर ने 24 रन व रोहन सिंह ने 23 रन नाबाद बनाए कोटा के लिए शिवराज ने 30 पर 3 व देव कुमार ने 13 पर एक विकेट लिया।






### फाईनल मैच का मैन ऑफ द मैच रोहन सिंह रहे

मैच के बाद पुरुस्कार वितरण समारोह में फारुख अहमद (कार्यकारिणी सदस्य आसीए). मोहम्मद इकबाल (पूर्व उपाध्यक्ष आरसीए) व अमित राज (जेडीसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर) ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरुस्कार व ट्रॉफी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा 2022-23 में आयोजित सभी प्रतियोगिताएं जयपुर ने जीती है।

# सहकारी समिति नव निर्वाचित अध्यक्ष का विधायक रामलाल शर्मा ने किया स्वागत

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** ग्राम उदयपुरिया में हाल में हुए सहकारी समिति चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष मालीराम गुर्जर, उपाध्यक्ष धनाराम मंडोलियां, सदस्य प्रतिनिधि भगवान सहाय सेवदा, सदस्य प्रहलाद यादव का सुभाष सर्किल स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक रामलाल शर्मा ने साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। सहकारी समिति के अध्यक्ष मालीराम गुर्जर ने विधायक रामलाल शर्मा का आभार जताया। इस अवसर पर गोविंदगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, पूर्व सरपंच नाथूराम खटीक, कजोड़मल डागर, ओमप्रकाश यादव, बनवारी मीणा, कृष्ण सैन उपस्थित रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने विभिन्न शिक्षक समस्याओं के निराकरण के प्रति राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के प्रति रोष प्रदर्शन

## 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रेस वार्ता का किया आयोजन

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विभिन्न शिक्षक समस्याओं के निराकरण के प्रति राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के आन्दोलन के अन्तर्गत रविवार को राज्य के सभी मुख्यालयों पर प्रेस वार्ता की श्रृंखला में ब्यावर में भी पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए राजेंद्र प्रजापति जिला सभाध्यक्ष ने बताया कि संगठन द्वारा बार-बार आग्रह करने व लोकतान्त्रिक तरीके से विरोध प्रकट करने के उपरान्त भी सरकार न तो संगठन से कोई संवाद स्थापित किया और ना ही अपने स्तर पर कोई कार्यवाही की है। संगठन ने गत वर्षों में निरन्तर राज्य सरकार के समक्ष सभी स्तरों एवं माध्यमों द्वारा सम्पर्क कर इस हेतु आग्रह किया किन्तु सरकार ने संवदेनहीनता अपनाते हुए समस्याओं को हल करने का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। इससे व्यथित और आक्रोशित होकर राज्य के शिक्षक अब आन्दोलन की राह अपनाने को विवश हैं। जिलाध्यक्ष रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि अन्तिम प्रयास के रूप में संगठन ने 23 फरवरी से 05 मार्च 2023 के मध्य जनप्रतिनिधि के नाते राज्य के माननीय विधायकों को संगठन का 11 सूत्रीय माँगो का ज्ञापन प्रेषित कर आग्रह किया है कि शिक्षकों की न्यायोचित माँगों के निराकरण हेतु अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए उच्च स्तर पर ज्ञापन अग्रेषित कर सरकार से उचित निराकरण करवाने में अपना सहयोग प्रदान करें 11 सूत्रीय माँगो की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला मन्त्री रघुवीर सिंह चौहान ने कहा की संगठन ने शिक्षक हित की निम्न वाजिब समस्याओं का समाधान करने के लिए आन्दोलन की राह अपनाई है साथ ही 11 सूत्री मांगों के अंतर्गत वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित सावंत एवं खेमराज





कमेटी की रिपोर्टों को तत्काल सार्वजनिक कर लागू किया जावे एवं विभिन्न वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण किया जाए, समस्त राज्य कर्मचारियों को 8-16- 24-32 वर्ष पर ए.सी.पी. का लाभ देकर पदोन्नति पद का वेतनमान प्रदान किया जाए, एनपीएस कार्मिकों के लिए लागू हुई पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस) की समस्त तकनीकी खामियों को दुरुस्त करते हुए एनपीएस फण्ड की जमा राशि शिक्षकों को देने के साथ-साथ जीपीएफ 2004 के खाता नम्बर तत्काल जारी किये जाए, संपूर्ण सेवाकाल में परिवीक्षा अवधि केवल एक बार एक वर्ष के लिए हो, शिक्षा विभाग की ऑनलाइन निर्भरता को दृष्टिगोचर रखते हुए राज्य के समस्त शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को मासिक इंटरनेट भत्ता तथा एंड्राइड फोन उपलब्ध कराया जाए, राज्य कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के समय तीन सौ उपार्जित अवकाशों की सीमा को समाप्त किया जाए तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात 65, 70 एवं 75 वर्ष की आयु पूर्ण पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत पेन्शन वृद्धि की जाए, शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाने की कार्रवाई की जाए, अध्यापक संवर्ग के स्थानान्तरण पर तत्काल प्रतिबन्ध हटाया जाए, बीएलओ सहित समस्त प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से मुक्त किया जाए। वर्तमान में जारी जनाधार अधिप्रमाणीकरण एवं डीबीटी योजना के लिए शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को जारी हो रहे अनावश्यक कारण बताओ नोटिस तत्काल प्रभाव से बन्द हों एवं जारी नोटिस वापस लिए जाए, तीन संतान होने पर राज्य कर्मचारियों को पदोन्नति में एक बार पीछे रखने के बाद उनकी मूल वरिष्ठता पुनः बहाल की जाए एवं तीन संतान वाले कार्मिकों को केंद्र सरकार के नियमानुसार राहत प्रदान की जाए साथ ही माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न तत्काल लागू कर पदों का सृजन किया जाए तथा विद्यालयों में पद आवंटन में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम का विभेद समाप्त कर समान रूप से पद आवंटन प्रक्रिया अपनाई जाए संगठन के जिलामंत्री रघुवीर सिंह चौहान ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए बताया कि राज्य के समस्त शिक्षक संवर्ग की उक्त न्यायोचित मांगों का तत्काल निराकरण कराया जाए। राज्य सरकार द्वारा इन माँगों पर कोई निर्णय नहीं किये जाने की स्थिति में संगठन को उग्र आन्दोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। राज्य का शिक्षक जब-जब आन्दोलन के लिए सड़कों पर उतरा है तब-तब सत्ताधीशों को शिक्षक शक्ति के आगे झुकना ही पड़ा है। प्रेस वार्ता मे पर्यवेक्षक व अजमेर मंडल उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपनी हठधर्मिता को नहीं छोड़ती है तो संगठन आंदोलात्मक रुख अपनाएगया उक्त अवसर पर गुरु शरण गोयल विभाग संगठन मंत्री जिला सभाध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति जिला कोषाध्यक्ष विष्णु गोयल जिला महिला उपाध्यक्ष गीता सोलंकी ब्यावर अध्यक्ष मुकेश प्रजापति जवाजा अध्यक्ष भगवान सिंह लालपुरा मसूदा अध्यक्ष मंगल सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# बढ़ा शिक्षा स्तर : लालसोट में खुली पहली सीबीएसई निजी स्कूल





## चिकित्सा मंत्री ने किया उद्घाटन

गरीबों का सितारा

**लालसोट।** प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने आज लालसोट के न्यू कॉलोनी में जूनियर दिल्ली स्कूल की 274वी ब्रांच का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया इस दौरान स्कूल के स्टाफ ने चिकित्सा मंत्री व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया वही उद्घाटन समारोह के दौरान चिकित्सा मंत्री ने



संबोधित करते हुए कहा कि लालसोट धीरे-धीरे चिकित्सा मॉडल के बाद शिक्षा हब बनता जा रहा है लालसोट में हर ग्राम पंचायत में सरकारी व निजी स्कूल खुलने से यहां के बच्चों को उच्चतम व अच्छी शिक्षाएं मिल रही है उन्होंने कहा कि आज लालसोट में न्यू कॉलोनी में सीबीएसई पैटर्न पर चलने वाली जूनियर दिल्ली स्कूल की 274वी ब्रांच का उद्घाटन किया है ऐसे में यहां के बच्चों को अब सीबीएसई पाठ्यक्रम की भी शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। वही जूनियर दिल्ली स्कूल के निदेशक अभिषेक शर्मा ने स्कूल की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि लालसोट में पहली सीबीएसई निजी स्कूल है जिसमें सीबीएसई पैटर्न पर शिक्षा बच्चों को सीखने को मिलेगी उन्होंने कहा कि हमारा विजन हर किसी में अपनी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास को प्रेरित करता है हम छात्रों को उनके क्षितिज का विस्तार करने उनके शिक्षा के अनुभव को बढ़ाने और सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करने के अवसर प्रदान करते हैं। स्कूल के उद्घाटन समारोह के दौरान नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा, पंचायत समिति प्रधान नाथू लाल मीणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य बृजमोहन थानेदार, पूर्व सरपंच दीपक पटेल सहित स्कूल का स्टाफ व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नारायण सिंह के जन्मदिन पर 657 से ज्यादा यूनिट रक्तदान

# अनेक संगठनों ने 51 किलो की माला तथा चांदी के उपहार देकर अभिनन्दन

गरीबों का सितारा

**सीकर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री चौ. नारायण सिंह के 89 वें जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक रविंद्र काजला ने बताया की जयपुर झुंझुनू बाईपास स्थित एक्वाफन गार्डन में आयोजित रक्तदान शिविर में 657 से अधिक रक्त दाताओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर गुरु कृपा इंस्टीट्यूट, दिनेश सेठी, रवींद्र काजला और अनेक संगठनों ने अलग अलग 51 किलो की माला पहना कर तथा चांदी की थाली गिलास एवं कटोरी के सेट भेंट नागरिक अभिनंदन किया। रक्तदान शिविर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी, पूर्व प्रधान सीताराम खीचड़, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता गिठाला, सीकर सभापति जीवन खां, फतेहपुर चेयरमैन मुस्ताक नजवी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, रक्तदाता एवम् मोटीवेटर बी एल मील, पूर्व उप जिला प्रमुख पूर्ण कंवर, पूर्व प्रधान भंवर लाल वर्मा, गुरु कृपा इंस्टिट्यूट डायरेक्टर





प्रदीप बुडानिया, राजेश कुलहरी, जिला परिषद सदस्य जयंत निठारवाल, जिप सदस्य उर्मिला धायल, गंगा हुंडई के रतन बुरडक, सुरेश सामोता, कृष्ण कुमार बुरड़क, अरविंदम क्लासेस के डॉ रामलाल हरितवाल, सतेन्द्र कुड़ी, नरेंद्र छब्बरवाल, वेद प्रकाश राय, दौलतपुरा सरपंच दिनेश आर्य, पार्षद विजयपाल काजला, मुकेश खोकर, सरपंच विद्याधर बगड़िया, खेमचंद महला, हरफूल सिंह खीचड़, पार्षद पप्पू पहलवान, मदन मावलिया, जगदीश दानोदिया, सांवरमल फगेड़िया बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष नरेंद्र बाटड़, पार्षद जुबेर नारू, पप्पू पहलवान, शीशराम महरिया, भींवाराम बाजिया, सीताराम ओला, शिवपाल ख्यालिया, डालूराम चाहर, महेन्द्र काजला, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोहन लाल यादव, सरपंच बालूराम रणवा, नरेन्द्र ख्यालिया, जयदीप डोरवाल, सरपंच सुभाष झीगर, पूर्व प्रधान डॉ ताराचंद, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जेपी थालोड़, श्रवण बाजिया, जयंत खीचड़, सुरेंद्र मावलिया, हेमंत यादव, एडवोकेट रफीक गौड़, सुरेश जाखड़, रविंद्र बिजारणिया, मामराज जाखड़, अन्नपूर्णा नर्सिंग कॉलेज डायरेक्टर ओम प्रकाश शर्मा सीकर नर्सिंग कॉलेज एवं छात्र सहित अनेक गणमान्य लोगों ने रक्तदान शिविर में पधार कर रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्त शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल ब्लड बैंक जयपुर, श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ब्लड बैंक सीकर, एसके सोनी ब्लड बैंक जयपुर, शेखावाटी ब्लड बैंक सीकर, शेखावाटी ब्लड बैंक जयपुर, शांति ब्लड बैंक जयपुर की टीम ने रक्त संग्रह किया।

# मून्ना खोहरी गोली हत्याकांड मामले का आरोपी गिरफ्तार




गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के खोहरी गांव निवासी संजय यादव उर्फ मून्ना खोहरी गोली हत्याकांड मामले में सम्मिलित आरोपी हमींदपुर निवासी 31 वर्षीय संदीप उर्फ बचिया पुत्र खुबाराम को बहरोड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि आरोपी संदीप 7 मार्च होली के दिन गांव खोहरी में मन्दिर प्रांगण में हुई घटना के बाद मृतक संदीप यादव उर्फ मून्ना को अस्पताल तक लेकर आया था। जिसके बाद पुलिस को घटना में सम्मिलित होने की जानकारी मिलते ही आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया था। जिसे गहनता से पूछताछ के बाद आज गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जिला अस्पताल में फायरिंग के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** भिवाड़ी पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश में बहरोड़ पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के दौरान जिला अस्पताल में फायरिंग मामले का फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कस्बे के जिला अस्पताल में गत 5 जनवरी को विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन को पुलिस द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के करवा कर वापस लौटते वक्त जसराम गैंग के द्वारा फायरिंग की गई। मामले में पुलिस द्वारा एक युवक सचिन मीणा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। व मामले में शामिल रामफल उर्फ रजत गुर्जर व प्रकाश गुर्जर, सोनू उर्फ एसपी गुर्जर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में फरार चल रहे 30 वर्षीय विक्रम उर्फ विकास पुत्र जगदीश शर्मा को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



# वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## 1544 वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान, बुजुर्गों के मान सम्मान से संस्कार व संस्कृति का ज्ञान मिलता है; मनीष यादव

गरीबों का सितारा

**चौमूं /(सुनील कुमार पाराशर)।** ग्राम पंचायत तिगरिया के दायरा गांव में टीम मनीष यादव ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव रहे। समारोह में टीम मनीष यादव द्वारा 1544 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया' इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को टीम द्वारा शॉल, माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मनीष यादव ने ने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया' समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव शाहपुरा ने कहा कि बुजुर्गों के मान सम्मान से संस्कार व संस्कृति का ज्ञान मिलता है, बुजुर्ग ही हमारे प्रेरणा स्त्रोत होते हैं उनसे प्राप्त अनुभव से





जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है' अतः बुजुर्गों का सदैव आदर व सम्मान करना चाहिए' उन्होंने आगे कहा कि मैंने राजनीतिक जीवन में सदैव समाज सेवा को प्राथमिकता दी है चाहे कोरोना के समय जरूरतमंद परिवारों की सहायता हो या लंपी महामारी के समय गौ माता की सेवा व अस्पताल में जरूरतमंद की चिकित्सीय सेवा हो अथवा जहां भी किसी परिवार के साथ अन्याय हुआ। वहां मैं और मेरी टीम सदैव तत्पर रही है' आज का यह वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह सेवा इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है' सम्मान समारोह के इस मौके पर शाहपुरा पूर्व नगर पालिका चेयरमैन बद्री प्रसाद सैनी, शाहपुरा पूर्व नगर पालिका चेयरमैन प्रेम देवी जाट, निंदोला सरपंच चंदा देवी बुनकर, अमरपुरा सरपंच गजानंद यादव, उपसरपंच एस के डूडी, धर्मसिंह सिंह, खेजरोली पूर्व पंसस शिंभू सैनी, सोहन लाल यादव, पूर्व सरपंच मनोहारपुर अर्जुन मोहनपुरिया, जहवार तिवाड़ी, गंगा राम सैनी, कालूराम अग्रवाल, मुकेश गुर्जर, शिवराम गुर्जर, नुसरत खान, मुमताज खान, प्रभु प्रजापत, रामनारायण पूरी, प्रभाती लाल मीणा, मुंशी धोबी, प्रह्लाद सहाय मीणा, किशोर कुमावत, मान सिंह नाथावत, दिनेश सैनी, प्रभु वर्मा, जुम्मा फकीर, झबरू पठान, डॉ विकाश यादव, गोपाल यादव, कैलाश चंद शर्मा, मुरारी लाल जांगिड़, रामपाल रेगर, जमील, जगदीश भूपला, चंदा लाल कुमावत, नाथू फकीर, सतनारायण शर्मा, राकेश अग्रवाल, प्रकाश, महेश शर्मा, गोपाल अग्रवाल, छोटू मीणा, सीताराम मीणा, पप्पू मीणा, पूर्ण वर्मा, रामनिवास गोस्वामी, मुकेश व्यास, जमील पठान, मुकेश वर्मा, राकेश कुमावत, श्रवण नाथावत, चांदमल कुमावत, मोटूराम सिंघाडीया, रज्जाक पठान, सुरेश वर्मा, अंकित अग्रवाल, भैरू कुलदीप, योगेश अग्रवाल, सरदार सिंघाडीया, हुकमचंद बागड़ा, घनश्याम मीणा, कालूराम, जगदीश, गजानंद, हसन पठान, मुनीर खान, शंकर नार, मुक्ति लाल त्रिवेदी, रमेश भारद्वाज, रघु कुमावत, सीताराम यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रींगस में आगाज कार्यक्रम का हुआ आयोजन, प्रतिभाओं का किया सम्मान

गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के रघु नगर में स्थित श्रीमती रीता चंद्र सक्सेना मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आगाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, निदेशक डॉ अजय सक्सेना, कविता सक्सेना व प्राचार्य राजेंद्र कालोया ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव आगाज कार्यक्रम में गत सत्र के परीक्षा परिणाम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-




छात्राओं को सम्मानित किया गया, इसी के साथ महाविद्यालय के प्रिया नेहरा, आशा, सुमन, अक्षिता, शुभम कुमावत, सुनील, निखिल आदि के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था निदेशक डॉ अजय सक्सेना के द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को शुभ आशीष देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस दौरान व्याख्याता सुशीला लांबा, राजेंद्र पूनिया, हरलाल सिमार, हीरालाल, उर्मिला, सरिता शर्मा, राकेश शर्मा, मनीष वर्मा आदि मौजूद थे।

# महिलाओं को प्रशिक्षित करके रोजगार दिलाना ही हमारा लक्ष्य : नीतू शर्मा

गरीबो का सितारा

**दांतारामगढ़** । राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन सीकर व रुडसेट संस्थान जयपुर द्वारा बिहारीपुरा ग्राम पंचायत की केरली की ढाणी में 13 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संगठन की सीकर जिला सचिव एवं वेदांता कॉलेज की सहायक आचार्य नीतू शर्मा ने बताया कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं का प्रशिक्षण दिलाकर के उनको रोजगार दिलवाना ही हमारा लक्ष्य है। रूडसेट संस्थान के निदेशक अजय कुमार मीणा ने बताया कि इस प्रक्षिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं




को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सामग्री व भोजन भी निशुल्क प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण में सिलाई दक्षता के साथ साथ बैंकिंग, समय प्रबंधन, वातार्लाप प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, नियोजित योजना प्रबंधन आदि की जानकारी भी दी जाती। प्रशिक्षण के पश्चात स्वयं का कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यकता अनुसार बैंक द्वारा ऋण भी प्रदान किया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com